## ब्रीफ खबरें

### लोयाबाद में 33 हजार रु के पाइप की चोरी

**धनबाद ।** धनबाद जिले के लोयाबाद कोलियरी क्षेत्र में चोरों ने बुधवार की रात पिट वाटर की आपूर्ति करने के लिए रखे चार पाइप की चोरी कर ली. ये पाइप लोयाबाद रिजनल स्टोर के पास रखे हुए थे, जिसकी कीमत करीब 33 हजार रुपये बताई जा रही है. लोयाबाद कोलियरी प्रबंधन ने घटना की लिखित शिकायत थाने में की है. लोगों को पिट वाटर के लिए और इंजतार करना होगा. ज्ञात हो कि मोटर में खराबी की वजह से पिछले 15 दिन से पिट वाटर सप्लाई ठप पड़ी थी.

### कांग्रेस ने डोनेट फॉर देश चलाया कैंप : अशोक

**सिंदरी ।** सिंदरी के शहरपुरा बाजार में गुरुवार की शाम संविधान की रक्षा के लिए डोनेट फॉर देश कैंपेन चलाया गया. इसका नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सह पेट्रोलियम डीलर एशोसिएशन प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि कांग्रेस के 138 वें स्थापना दिवस के मौके पर यह कैंपेन आगामी 28 दिसंबर तक लोगों से 138 रुपये आनलाइन लेकर देश के संविधान की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा है. केन्द्र सरकार 145 सांसदों को सदनों से बाहर कर संविधान का हनन कर रही है.

### डीसी ने जरूरतमंदों के बीच कंबल बांटे

**धनबाद ।** सर्द रात में खुले में रात गुजारने वाले लोगों की जिला प्रशासन ने सुध लेना शुरू कर दिया है. कंबल वितरण के साथ लोगों को ठंड से बचाने के लिए चौक -चौराहों पर अलाव की व्यवस्था भी जा रही है. बीती रात उपायुक्त वरुण रंजन ने शहर के बैंक मोड़, सिटी सेंटर, पीएमसीएच, स्टील गेट, बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन, शक्ति मंदिर, हीरापुर, धनबाद अंचल, शक्त, पुराना बाजार समेत विभिन्न चौक-चौराहों में सैंकड़ों जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया.

### योजनाओं का मिल रहा है लोगों को लाभ

**धनबाद।** जिले में जरूरतमंदों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है. इसे लेकर जिला प्रशासन ने अपनी उपलब्धियां गिनाई है. जिसमें कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में निशुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत अभी तक 24 हजार 193 छात्र- छात्राओं को साईकिल खरीदने के लिए 10 करोड़ 88 लाख 68 हजार 500 रुपया का भुगतान किया गया है. पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप में 31 करोड़ 12 लाख 96 हजार 766 राशि का भुगतान किया गया है.

### मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया

**सिंदरी ।** बलियापुर हवाई पट्टी में आयोजित पंचायत स्तरीय आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज वेलफेयर एशोसिएशन सिंदरी की ज्वलंत मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपेगा. इसकी जानकारी देते हुए एशोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह ने बताया कि सीएम के बलियापुर आगमन का स्वागत करते हैं और सिंदरी में विगत 20 वर्षों से उत्पन्न ज्वलंत मुद्दों को उनके सामने रखा जाएगा.

### कोयले के अवैध मुहाने की भराई की गई

**बरोरा।** बरोरा थाना क्षेत्र के मुराईडीह हटिया के समीप अवैध कोयला खनन स्थल की भराई गुरुवार को सीआईएसएफ ,पुलिस व बीसीसीएल के नॉडल अधिकारी के मौजूदगी की गई . वहीं मुराईडीह फ़ॉर ए पेच में अवैध मुहाने में फंसे मजदूरों की घटना से सबक लेते हुए अवैध मुहाने को ओबी डालकर बंद करने से पूर्व एतियातन के तौर पर मुनादी ने विसील बजाकर व आवाज लगाकर आगाह किया ताकि कोई मजदूर अंदर हो तो बाहर निकल जाए.

### सिंदरी : आपके द्वार कैंप में 1258 रजिस्ट्रेशन

**सिंदरी ।** सिंदरी के वार्ड नं 54 के डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज और वार्ड नं 53 के डीएवी टासरा उच्च विद्यालय में गुरुवार को आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोगों का हुजूम उमड़ा. परंतु कार्य ढाक के तीन पात दिखाई दिए. वार्ड नं 53 में सिटी प्रबंधक विकास चंद्रा की उपस्थिति में चले कैंप में लगभग 1258 लोगों ने आनलाइन और आफलाइन रजिस्ट्रेशन कराया.

---

फैकल्टी की कमी 50 प्रतिशत से भी अधिक, फिर भी नहीं खुल रही मुख्यालय की नींद, एसआर और ट्यूटर भी अगले वर्ष हो जाएंगे पदमुक्त

# एसएनएमएमसीएच : एक-एक कर रिटायर हो रहे चिकित्सक, बढ़ती जा रही परेशानी

**रविन्द्र कुमार। धनबाद**

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक-एक कर प्रोफेसर से लेकर सीनियर रेजिडेंट रिटायर हो रहे हैं. इस वर्ष 31 दिसंबर को दो प्रोफेसर और 31 जनवरी को 2024 को दो एसोसिएट प्रोफेसर रिटायर हो जाएंगे. वर्ष 2024 में कुल पांच प्रोफेसर रिटायर हो रहे हैं. आगामी दो वर्षों में 7 प्रोफेसर, 8 एसोसिएट प्रोफेसर और दो असिस्टेंड प्रोफेसर का रिटायरमेंट होना है. मेडिकल कॉलेज के मौजूदा प्राचार्य डॉ ज्योति रंजन प्रसाद भी इस सूची में शामिल हैं. वह जनवरी 2025 में रिटायर होंगे. एक तरफ रिटायरमेंट का तांता लगा है तो दूसरी ओर बहाली नहीं होने से परेशानी बढ गई है. बताते चलें कि वर्ष 2021 में 5 और 2022 में 10 कुल 15 शिक्षक रिटायर हो चुके हैं. नई नियुक्तियां हो नहीं रही है, पुराने शिक्षकों का प्रमोशन वर्षों से लंबित है. प्रमोशन नहीं मिलने से शिक्षकों में भी आक्रोश है. मेडिकल कॉलेज में प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, ट्यूटर और मेडिकल अफसर के कुल 209 पद स्वीकृत हैं लेकिन वर्तमान में कुल 93 शिक्षक ही हैं. फैकल्टी की कमी 50 प्रतिशत से भी अधिक हो चुकी है. इसके साथ ही टेन्योर पोस्ट पर बहाल तीन ट्यूटर समेत चार से अधिक एसआर जनवरी 2024 के बाद स्वतः पदमुक्त हो जाएंगे.




| पद का नाम | स्वीकृत पद | कितने कार्यरत | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| प्रोफेसर | 33 | 10 | 23 |
| एसोसिएट प्रो. | 47 | 15 | 32 |
| असिस्टेंट प्रोफेसर | 83 | 34 | 49 |
| ट्यूटर | 36 | 30 | 06 |
| मेडिकल अफसर | 10 | 04 | 06 |

### चिकित्सकों की कमी के कारण कई विभाग हो गए हैं बंद

चिकित्सकों की कमी के कारण मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का साइकेट्रिक डिपार्टमेंट भगवान भरोसे चल रहा है. रेडियोलॉजिस्ट नहीं हैं. शिशु रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसव रोग विभाग, एनेस्थेसिया विभाग, माइक्रोबायोलॉजी विभाग, पीएसएम विभाग, आई डिपार्टमेंट, एफएमटी विभाग, दंत विभाग में प्रोफेसर नहीं हैं. वहीं आगामी दिनों में यही िस्थति रही तो मेडिकल कॉलेज व अस्पताल का ईएनटी विभाग, एनाटॉमी विभाग, मेडिसिन विभाग, सर्जरी विभाग और हड्डी रोग विभाग भी प्रोफेसर विहिन हो जाएंगे.

### मेडिकल कॉलेज की मान्यता पर लटक रही है तलवार

मेडिकल कॉलेज को काफी मशक्कत के बाद 2023 में एमबीबीएस की 100 सीट पर नामांकन की अनुमति मिली है. वह भी इस शर्त पर कि जल्द ही शिक्षकों के खाली पदों पर नियुक्तियां कर ली जाएगी. वहीं मेडिकल कॉलेज में पीजी की पढ़ाई शुरू करने की कवायद भी चल रही है. नियमानुसार मेडिकल कॉलेज को अनुमति के लिए शिक्षकों की कमी 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए. ऐसे में यदि समय रहते मेडिकल कॉलेज में शिक्षकों की नियुक्ति व प्रोन्नति नहीं दी जाती है, तो कॉलेज की मान्यता पर संकट आना तय है.

---

बरोरा क्षेत्र के मंडल केंदुआडीह की घटना, लोगों ने किया हंगामा







# ग्रामीणों के घर पर चला बुलडोजर ब्लास्टिंग से भी कई घर क्षतिग्रस्त

**संवाददाता। बरोरा (धनबाद)**

बीसीसीएल क्षेत्र संख्या एक के मंडल केंदुआडीह में गुरुवार को प्रबंधन ने कई ग्रामीणों का आवास बुलडोज़र चलवाकर ध्वस्त करा दिया. साथ ही हेवी ब्लास्टिंग से भी आसपास के कई आवास क्षतिग्रस्त हो गए. ब्लास्टिंग में उड़े पत्थर से कई ग्रामीणों के चोटिल होने की सूचना.घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कंपनी कामकाज ठप कर जमकर प्रदर्शन किया. इस दौरान प्रबंधन व ग्रामीणों के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई. करीब दो घंटे तक हंगामा होता रहा. आखिरकार प्रबंधन को ब्लास्टिंग कार्य रोकना पड़ा .

**एक दर्जन के करीब आवास हैं :** ग्रामीणों ने बताया कि वे लोग वर्षो से यहां रह रहे हैं. यहां एक दर्जन के करीब आवास हैं. ग्रामीणों के अनुसार बीसीएलएल प्रबंधन विस्थापन के नाम पर एक आवास एवं 20 हजार रुपया देने की बात करता है. वे लोग अनुसूचित जाति के हैं, इसलिए प्रबंधन डरा- धमका कर भगाना चाहता है. सीआईएसएफ के जवान बल प्रयोग कर अक्सर प्रताड़ित करते हैं. इधर, बीसीसीएल प्रबंधन का कहना है कि बारी- बारी से ग्रामीणों के पुनर्वास की व्यवस्था की जा रही है. लेकिन ग्रामीण यहां से जाना नहीं चाहते. मौके पर कार्मिक प्रबंधक मुकेश कुमार, एएमपी कोलियरी के मैनेजर यशवंत सिंह राजपूत, असिस्टेंट मैनेजर राम दयाल उरांव, अश्लोक कुमार सिंह व दर्जनों सीआईएसएफ मौजूद थे.



## आओ जानें
## सामान्य ज्ञान

- लोकसभा में किस आधार पर सीटें बांटी जाती हैं – **जनसंख्या**
- किस बीमारी के इलाज के लिए संकल्प प्रोजेक्ट बनाया गया था – **एचआईवी**
- बहमनी सल्तनत के संस्थापक कौन थे – **अलाउद्दीन बहमन शाह**
- भारत के किस पड़ोसी देश ने टिकटॉक पर बैन लगाया है – **नेपाल**
- नंद वंश के संस्थापक कौन थे – **महापदम नंद**
- भारत में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य है – **उत्तर प्रदेश**
- झंडा सत्याग्रह के लिए कौन शहर प्रसिद्ध है – **नागपुर**
- भारत में कोरोना को महामारी घोषित करने वाला पहला राज्य – **हरियाणा**
- सोना किस पदार्थ में घुल जाता है – **एक्वा रेजिया**
- होम रूल आंदोलन किसके द्वारा शुरू किया गया था – **एनी बेसेंट**

### सैनिक स्कूल तिलैया नामांकन घोटाला का मुकदमा बंद

**धनबाद ।** सैनिक स्कूल तिलैया में नामांकन में हुए घोटाले के मुकदमा की सुनवाई अदालत ने बंद कर दी है. दरअसल 11 जनवरी 2021को सीबीआई ने आरोपियों को क्लीनचिट देते हुए अदालत में क्लोजर रिपोर्ट दायर की थी. जिस पर सुनवाई करने के बाद सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक की अदालत ने गुरुवार को सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर मुकदमा बंद करने का आदेश दिया है.मामले में इन्हें मिली राहत कर्नल नवरूव राय (प्रिंसिपल), स्क्वाड्रन लीडर संजय कुमार (वाइस प्रिंसिपल), लेफ्टिनेंट कर्नल शिशिर कुमार (प्रशासनिक अधिकारी), धनंजय कुमार (शिक्षक), वीके त्रिवेदी (ऑफिस सुप्रींटेंडेंट) और मनोरंजन पाठक (शिक्षक) को कोर्ट की इस कार्रवाई से राहत मिल गई है.

---

### विधायक मामले पर भाजपाइयों ने निकाली जनाक्रोश रैली

**धनबाद ।** उपराष्ट्रपति की मिमिक्री और झारखंड विधानसभा से भाजपा के 3 विधायकों से बाहर किये जाने के विरोध में धनबाद जिले के भाजपाइयों ने बुधवार को जनाक्रोश रैली निकाली. महानगर और ग्रामीण जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में रैली जिला परिषद मैदान से शुरू होकर रणधीर वर्मा चौक तक गई. रणधीर वर्मा चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया गया. कार्यकर्ताओं ने हेमंत सरकार गद्दी छोड़ो के नारे लगाए. महानगर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह और ग्रामीण जिला अध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा ने कहा कि भाजपा विधायकों ने राज्य में बढ़ती बेरोजगारी पर सदन में सवाल पूछा, तो तीन विधायकों मार्शल के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के तीन विधायकों को मार्शल के सहारे बाहर निकाल दिया. मार्शल ने उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया.

वहीं, राज्यसभा में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री करने की चर्चा करते हुए दोनों नेताओं ने इसे लोकतंत्र और संविधान का अपमान बताया. रैली में पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, योगेंद्र यादव, धर्मजीत सिंह , नितिन भट्ट, रमेश राही सहित अन्य शामिल थे.

## समस्या समाधान की मांग को लेकर बेमियादी धरना



**संवाददाता । बाघमारा**

बीसीसीएल ब्लॉक दो क्षेत्र के एबीओसीपी परियोजना में कार्यरत श्रमिकों की समस्याओं का प्रबंधन द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद भी निष्पादन नहीं किये जाने के खिलाफ जनता मजदूर संघ के दो इकाई के कार्यकर्त्ताओं ने गुरुवार से 14 नंबर हाजिर घर के समक्ष अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया है. धरने के पहले दिन यूनियन के अकलेश नोनिया, मुकेश कुमार, सतोष कुमार सिंह, शम्भु कुमार यादव, राकेश राव, विमल कुमार मेहरा एवं वैजनाथ बेलदार बैठे हैं. मौके पर उपस्थित जनता मजदूर संघ के केंद्रीय उपाध्यक्ष गोपाल मिश्रा ने कहा कि प्रबंधन का रवैया मजदूर हित के विरोध में है. उन्होंने कहा कि प्रबंधन बार -बार आश्वासन देकर सिर्फ टाल -मटोल का रुख अख्तियार करता है. यही कारण है कि मजदूरों को प्रबंधन के इस रवैये के खिलाफ आंदोलन करना पड़ रहा है.

**ये हैं समस्याएं :** जिन समस्याओं के निराकरण की मांग की गई है उनमें एसपीआरए जोड़कर मूल वेतन निर्धारण के लिए प्रबंधन के पास 150 कर्मियों का आवेदन मुख्यालय के 2017 के सरकुलर के आधार पर लबित है. इनमें प्रबंधन द्वारा चुन-चुन कर पे -फिक्सेशन किया गया है जिसे सभी कर्मियों पर लागू किया जाये.

### इतिहास में विद्यार्थियों की रुचि बढ़ाएगी प्रदर्शनी : कुलपति

**धनबाद ।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) इतिहास विभाग की ओर से विवि के भेलाटांड़ स्थित परिसर में गुरुवार को प्रदर्शनी, व्याख्यान श्रृंखला, एनआईएसएम कार्यशाला और विभागीय पत्रिका विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति डॉ पवन कुमार पोद्दार के साथ रजिस्ट्रार डॉ. कौशल कुमार, डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी और प्रवीण सिंह उपस्थित थे. कुलपति ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों में इतिहास के प्रति रुचि बढ़ाएगा. प्रदर्शनी इतिहास को समझने का एक आसान तरीका विकसित करने में मदद करेगी. कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए इतिहास विभागाध्यक्षा डॉ तनुजा कुमारी ने कहा कि आयोजन के माध्यम से छात्रों के बीच इतिहास के प्रति जुनून को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है. पत्रिका के माध्यम से इतिहास विभाग की शैक्षणिक कौशल और रचनात्मकता को दिखाया जाएगा. इस अवसर पर डॉ. उमेश कुमार, डॉ. संजिदा खातून, जितेंद्र कुमार उपस्थित थे.

## फुट ओवरब्रिज बनाने की मांग को लेकर मुखिया ने नितिन गडकरी से की मुलाकात

**संवाददाता ।महुदा**

कांड्रा पंचायत की मुखिया रिंकू देवी ने सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी की अगुवाई में गुरुवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर महुदा मोड़ स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग में फुट ओवर ब्रिज बनाने की मांग संबंधी पत्र सौंपा है. पत्र में कहा गया है कि तेलमच्चो से राजगंज जाने वाली राजमार्ग पर महुदा मोड़ के समीप कांड्रा पंचायत सचिवालय है तथा राजमार्ग के दूसरी ओर मध्य विद्यालय काण्डरा जिसमें प्रतिदिन सेंकडों बच्चे सड़क पार कर गुजरते हैं, वहीं प्रतिष्ठित शिव मन्दिर में प्रत्येक दिन दूर दराज से अनेक लोग पूजा अर्चना करने और शादी रचाते आते हैं. पंचायत काण्डरा, कल्याणपुर, सिमाटांडन के अलावा अन्य ग्राम पंचायत का मुख्य बजार महुदा मोड़ है. जहां हजारों लोगों का रोज आना जाना लगा रहता है. राजमार्ग में भारी वाहनों की आवाजाही के कारण ग्रामीणों को सड़क पार करने में काफी समस्या होती है. कई बार सड़क दुर्घटना भी हो चुकी है. हर दो चार दिन में छोटी बड़ी घटनाएं होती रहती है. ग्रामीणों की सुविधा के लिए यहां फुट ओवर ब्रिज का निर्माण होना आवश्यक है. तभी समस्या का समाधान होगा. ग्रामीण निर्भीक होकर आवाजाही कर सकेंगे. इसके पूर्व भी आवेदन किया जा चुका है, परन्तु अभी तक कोई कार्रवाई शुरू नहीं की गई है. मुखिया ने अतिशीघ्र ओवर ब्रिज बनाने की मां की है. अगर समय रहते फुट ओवर ब्रिज नहीं बनी तो, कभी भी बड़ी दुर्घटना घट सकती है. मौके पर विथायक प्रतिनिधी धनेश्वर महतो, सांसद प्रतिनिधी मटुक मिश्रा, मुखिया महेश कुमार पटवारी, रामेश्वर महतो उर्फ बॉबी, जितेन्द्र कुमार सिंह, महेश पासवान, कैलाश रवानी शामिल थे.



गडकरी को ज्ञापन सौंपते सांसद सीपी चौधरी व मुखिया रिंकू देवी.



---

**कोर्ट कॉलम :** सुरक्षा को लेकर जिले के अधिवक्ता चिंतित, साझा की अपनी पीड़ा, कहा

# अधिवक्ता अधिनियम एक्ट शीघ्र लागू किया जाए

**न्याय तक पहुंचने की सीढ़ी हमारे अधिवक्ता हैं. समाज के हर वर्ग को न्याय दिलाते हैं लेकिन सरकार की इनके प्रति भी कुछ जिम्मेदारियां हैं. इनमें जिम्मेवारियों में सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, खुद अधिवक्ता वर्ग अपनी सुरक्षा को लेकर कई बार आवाज बुलंद कर चुके हैं लेकिन इनको अब तक घोषणाओं और वादों के अलावा कुछ नहीं मिला. जबकि धनबाद में तो जेल जैसी जगह भी सुरक्षित नहीं रही. ऐसे में एक बार फिर धनबाद के अधिवक्ता शुभम संदेश के साथ अपनी आवाज को बुलंद कर रहे हैं.....**

### अधिवक्ताओं की प्रतिष्ठा एवं गरिमा बनाने में सहायक होगा : रंजन



अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लेकर अधिवक्ता रंजन कुमार सिन्हा ने कहा कि यह अधिनियम अधिवक्ताओं के लिए मान सम्मान बढ़ाएगी. यह अधिनियम अधिवक्ताओं की प्रतिष्ठा एवं गरिमा बनाने में सहायक होगा .अगर कोई भी व्यक्ति अधिवक्ताओं से उलझेंगे तो यह अधिनियम उनकी रक्षा करेगा और उस अपराधी को दंडित करेगा.

### अधिवक्ता अधिनियम एक्ट हमारी पुरानी मांग है : उदय भट्ट



उदय भट्ट ने कहा कि अधिवक्ता अधिनियम एक्ट हमारी पुरानी मांग है . इसे जल्द लागू होना चाहिए. क्योंकि आए दिन झारखंड ही नहीं भारत वर्ष के विभिन्न क्षेत्रों में न्यायालय और न्यायालय से बाहर भी अधिवक्ताओं पर आक्रमण होता रहता है .इस एक्ट को लागू होने से अधिवक्ता अपने आप को सुरक्षित महसूस करेंगे.

### अधिवक्ताओं को संरक्षण मिलना बहुत ही जरुरी : राम सेवक शर्मा



राम सेवक शर्मा ने कहा कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन बिल तो जल्द से जल्द लागू होना ही चाहिए और साथ ही इसमें और भी प्रावधान जोड़ना चाहिए . क्योंकि अधिवक्ता किसी एक पक्ष को ही संतुष्ट कर सकते हैं . इसलिए अधिवक्ताओं को संरक्षण मिलना बहुत ही आवश्यक है. जिससे हमसब सुरक्षित महसूस करेंगे.

### मनोबल को बरकरार रखने के लिए यह एक्ट बहुत जरूरी : विजय



विजय बहादुर रॉय ने कहा कि अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अधिवक्ताओं के हक में है इसे जल्द लागू करना चाहिए .क्योंकि अधिवक्ता हमेशा दूसरे लोगों की भलाई और उन्हें इंसाफ दिलाने के लिए कोर्ट में लड़ता है .बावजूद इसके अधिवक्ताओं को पुलिस और कुछ लिटिगेशन टाइप के लोगो से अपमानित होना पड़ता है.

### अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट अभी तक लागू नहीं होना बहुत ही दुखद बात है : कनक कुमार महतो



कनक कुमार महतो ने कहा कि यह एक्ट बिल्कुल लागू होना चाहिए . क्योंकि यह एक्ट अधिवक्ताओं के हित के लिए है .लेकिन आज तक यह अधिनियम लागू नहीं होना बहुत ही दुखद बात है. उन्होंने कहा कि बहुत सारे पेड़ इम्प्लॉय ऐसे हैं जिन्हें तनख्वाह तो मिलती ही है, साथ ही उनके संरक्षण के लिए बहुत सारे अधिनियम भी बने हुए हैं.



## ब्रीफ खबरें

### लोहा चोर से परेशान हैं जारंगडीह के लोग

**कथारा (बेरमो)।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह ऑफिसर्स कॉलोनी के लोग लोहा चोरों के आतंक से परेशान हैं. चोरों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि दिन के उजाले में ही घटना को अंजाम दे रहे हैं. गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे कॉलोनी के सुरेश कुमार किस्कू के क्वार्टर में रखे पाइप व अन्य सामान की चोरी करने लगे. आवाज सुनकर जब किस्कू अपने कमरे से बाहर निकले, तो चोर भाग निकले. किस्कू ने बताया कि एक माह पहले भी उनके क्वार्टर से पाइप की चोरी हो चुकी है. इस संबंध में उन्होंने बोकारो थर्मल थाना में लिखित शिकायत भी की थी.

### रक्त अधिकोष को हर संभव सहायता मिलेगी

**गिरिडीह।** रेड क्रॉस के नव निर्वाचित चेयरमैन व रक्त अधिकोष के सचिव अरविंद कुमार गुरुवार को सदर अस्पताल स्थित रक्त अधिकोष पहुंचे और वहां की स्थिति का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने एक ब्लड डोनर को जूस के स्थान पर कर्मियों द्वारा टॉफी देते देखा गया. उन्होंने रक्त अधिकोष के कर्मियों से जूस की उपलब्धता की जानकारी ली. साथ ही ब्लड डोनर को तत्काल रक्त अधिकोष के लिये एक कार्टून जूस और 5 जोड़ी स्लीपर की व्यवस्था की गई. जिसके बाद रक्तदाताओं को कर्मियों द्वारा जूस उपलब्ध कराया गया.

### नये युवा मतदाताओं के साथ भाजपा ने की बैठक

**जामताड़ा।** भाजपा का प्रवास कार्यक्रम के तहत वॉयस फाउंडेशन महिजाम में नए युवा मतदाताओं के साथ भाजपा महिला मोर्चा की ओर से एक बैठक की गई. जिसकी अध्यक्षता भाजपा प्रदेश प्रभारी कावेरी चटर्जी ने की. इस अवसर पर छात्राओं को मताधिकार का विशेष अधिकार के बारे में जानकारी दिया. उन्होंने कहा कि आपका एक मत मजबूत सरकार निर्माण करने में अहम भूमिका निभाती है. इसलिए आप अपना मत पूरे सोच समझकर दें. मौके पर भाजपा सदस्य बबीता झा ने कहा कि आपका एक गलत निर्णय देश को गलत दिशा में ले जा सकती है.

### लाखों रुपये से बनी जलमीनार हुई बेकार

**बेंगाबाद (गिरिडीह)।** बेंगाबाद प्रखंड के ताराटांड़ पंचायत में लाखों की लागत से बना सौर ऊर्जा संचालित जल मीनार लंबे समय से बेकार पड़ा है. जलमीनार का मोटर चोरी हो जाने के बाद से लगभग 3 वर्षों से जलापूर्ति बाधित है. जिससे लगभग 250 की आबादी प्रभावित है. लंबा समय बीत जाने के बाद भी जलमीनार में दूसरा मोटर नहीं लगाया गया है. जिस कारण जलमीनार से आस पास के लोगों को जलापूर्ति नहीं हो रही है और लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है.

### भाकपा माले की बैठक हुई संपन्न

**धनवार (गिरिडीह)।** 18 दिसंबर को भाजपा हटाओ देश बचाओ की सफलता को लेकर गुरुवार को भाकपा माले 18 नंबर जिला परिषद जोन के द्वारा केंदुआ पंचायत भवन में समीक्षात्मक बैठक किया गया. बैठक में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव शामिल हुए. पूर्व विधायक ने 18 दिसंबर को रैली में शामिल होनेवाले कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया और उन्हें मिठाई खिलाकर और माला पहनकर सम्मानित किया गया. बैठक में कयूम अंसारी, महेंद्र यादव, बालमुकुंद, कार्तिक दास आदि शामिल थे.

---

#### बोकारो के गरगा डैम के निचले क्षेत्र में किया गया अभ्यास

## डूब रहे 3 युवकों ने बचाओ-बचाओ चिल्लाया, टीम ने बचाया

**संवाददाता। बोकारो**



राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण रांची के अध्यक्ष सह विभागीय सचिव के निर्देशानुसार गुरुवार को बोकारो जिले में गरगा डैम के निचले स्तर पर मॉक अभ्यास का आयोजन किया गया. इसका आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के द्वारा किया गया. मॉक अभ्यास का पर्यवेक्षण कार्य चास अनुमंडल पदाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के नेतृत्व में हुआ. इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, अपर समाहर्ता मेनका, सिविल सर्जन डॉ दिनेश कुमार, चास बीडीओ मिथिलेश कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार उपस्थित थे. मॉक अभ्यास का संचालन जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार ने किया. मॉक अभ्यास में बाढ़ आपदा के परिदृश्य को स्थापित किया गया. गरगा डैम समीप स्थित नरकेरा ग्राम में अचानक डैम का जल स्तर बढ़ने से बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है. बाढ़ के पानी में तीन युवक डूबने लगे और बचाओ बचाओ चिल्ला रहे थे. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रशिक्षित गोताखोरों के टीम द्वारा सुरक्षा कवच का इस्तेमाल करते हुए सभी का बचाव किया. मॉक अभ्यास में जिला पुलिस, एनडीआरएफ की 09वीं बटालियन, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की जिला इकाई, केंद्रीय रिजर्व पुलिस फोर्स की जिला इकाई, सिविल डिफेंस, नेहरू युवा केंद्र स्वयं सेवक, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग, सीटीपीएस, बीटीपीएस, पेयजल स्वच्छता विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, स्थानीय गोताखोर शामिल हुए.

---

### आओ जानें

## सामान्य ज्ञान

- ऑप्टिकल फाइबर का आविष्कार किसने किया था – **नरिंदर कपानी**
- भारत किस देश से इग्ला–एस एंटीक्राफ्ट मिसाइल खरीद रहा है – **रूस**
- कंप्यूटर का हिंदी नाम क्या है – **संगणक**
- दाग प्रणाली किस शासक ने शुरू किया था – **अलाउद्दीन खिलजी**
- पवन की गति को नापने वाले उपकरण का नाम – **एनीमोमीटर**
- झारखंड में सर्वाधिक महिला साक्षरता वाला जिला – **रांची**
- ऋग्वेद के देवताओं में तूफान के देवता का क्या नाम है – **मारुत**
- झारखंड में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु किस वर्ष शुरू की गई – **2001**
- कोरोनावायरस से भारत में पहली मौत कहां हुई थी – **कर्नाटक**

---

#### उपराष्ट्रपति को लेकर की गई टिप्पणी पर भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली

## सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है : निर्भय

**संवाददाता। गिरिडीह**




गिरिडीह शहर में भाजपा जिला कमेटी की ओर से गुरुवार को एक आक्रोश रैली निकाली गई. यह रैली शहर के अंटा बंगला से निकलकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए टावर चौक पहुंची. जहां एक जनसभा का आयोजन किया गया. इस मौके पर पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए थे. बता दें कि इस जनसभा में मुख्य रूप से गिरिडीह के पूर्व विधायक निर्भय कुमार शाहाबादी, बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, भाजपा नेता लक्ष्मण सिंह, दिलीप वर्मा, चुन्नुकान्त, विनय सिंह, श्याम प्रशाद, दिनेश यादव, संदीप डंगायच, रंजन सिन्हा, प्रदीप साहू, रंजीत राय, मिथुन चंद्रवंशी, कामेश्वर पासवान, सुरेश साव, यदुनंदन पाठक, शालिनी वैश्कियार, संगीता सेठ, उषा देवी, सुनील पासवान, प्रकाश सेठ, हरबेंद्र सिंह बग्गा समेत भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए. इस दौरान भाजपाइयों ने पहले तो उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ को लेकर कांग्रेस के सांसदों के द्वारा लोकसभा के बाहर की गई मिमिक्री का विरोध किया गया, साथ ही झारखंड राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार के खिलाफ लगातार किए जा रहे भ्रष्टाचार, कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के अलग-अलग ठिकानों से मिले करोड़ों रुपए आदि मुद्दों को लेकर जमकर नारेबाजी की गई. इस दौरान वक्ताओं ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड की यह सरकार पूरी तरह से निकम्मी है और इस सरकार में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिला है.

### इंडिया गठबंधन की बैठक में केंद्र सरकार को जमकर कोसा



**गिरिडीह।** इंडिया गठबंधन की गुरुवार को नई परिसदन में झामुमो जिला अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सहयोगी दलों ने केंद्र की मोदी सरकार को जमकर कोसा. झामुमो सहित कांग्रेस, राजद, आम आदमी पार्टी, जदयू, भाकपा माले नेताओं ने केंद्र सरकार से जानना चाहा कि आखिर 142 सांसदों का निलंबन क्यों किया गया ? निलंबन के खिलाफ इंडिया गठबंधन में शामिल दलों का शुक्रवार को अंबेडकर चौक पर धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित है. कार्यक्रम की सफलता को लेकर बैठक में गहन मंथन की गई. बैठक की अध्यक्षता कर रहे झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर संसद सदस्यों का निलंबन किया गया है. ऐसा आचरण लोकतंत्र के लिए घातक है. वहीं आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा ने कहा कि संसद में जो हरकत की उसकी सिफारिश कर्नाटक के भाजपा सांसद प्रताप सिंह ने की थी. भाकपा माले के राजेश सिंह ने मौके पर कहा कि भाजपा नैतिकता के नाम पर नौटंकी कर रही है. कांग्रेस जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि केंद्र में लोकतंत्र की हत्या हो रही है. राजद जिला अध्यक्ष नाथेश्वर ठाकुर ने कहा कि आज केजरीवाल, 22 को तेजस्वी यादव और 27 को लालू यादव को ईडी से बुलावा आया है. केंद्र सरकार की मनसा विपक्ष को खत्म कर देने की है. मौके पर इन नेताओं के अलावा जदयू जिला अध्यक्ष त्रिभुवन दयाल, शाहनवाज अंसारी, अभय सिंह, अजीत कुमार, अशोक विश्वकर्मा, मदन विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल थे.

### जंगली हाथियों ने कई घरों को किया ध्वस्त

**डुमरी (गिरिडीह)।** जंगली हाथियों की झुंड ने बुधवार की रात चैनपुर में चार घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया. जिसकी सूचना पाकर गुरुवार को आजसू डुमरी विधानसभा प्रभारी यशोदा देवी व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक श्रीवास्तव ने पीड़ित परिवार से मिलकर नुकसान का जायजा लिया और दूरभाष पर विभाग के पदाधिकारी से बात कर उचित मुआवजा देने की मांग की. वहीं, जंगली हाथियों ने जयलाल महतो चैनपुर की चहारदीवारी तोड़कर उसके खेत में लगे 2 क्विंटल धान, 50 किलोग्राम आलू चट कर गया. वहीं, घनश्याम महतो पिता भैरव महतो का मकान तोड़ दिया. जबकि डोमाबारा निवासी रमेश टुडू पिता बिरसा टुडू का मकान दरवाजा तोड़ दिया, जबकि कारु टुडू पिता बिरसा टुडू का मकान तोड़ दिया.

## व्यावसायिक शिक्षा बच्चों के लिए लाभदायक : प्रधानाचार्य



**संवाददाता। गावां (गिरिडीह)**

प्लस टू हाई स्कूल गावां के छात्र-छात्राओं को अशोका इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट व ब्यूटी एंड वैलनेस लैक्मे सैलून गिरिडीह में समग्र शिक्षा अभियान के तहत व्यवसायिक शिक्षा के क्षेत्र में एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण का आयोजन कराया गया.

समग्र शिक्षा अभियान के नेतृत्व में हुए टूरिज्म एंड हॉस्पिटलिटी छात्र-छात्राओं को संबंधित क्षेत्र से जुड़ी तमाम जानकारियां दी. इस दौरान प्रधानाचार्य सुजीत कुमार राय ने व्यवसायिक शिक्षा को बच्चों के लिए काफी लाभप्रद बताया व सरकार की चलाई गई व्यवसायिक शिक्षा को शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कदम बताया. उन्होंने कहा कि दुनिया भर में सबसे ज्यादा जिस फील्ड में तरक्की हो सकती है वह होटल मैनेजमेंट है.

## केपी चौबे की पुण्यतिथि पर कंबल का वितरण

**संवाददाता। कसमार (बोकारो)**

**स्वतंत्रता सेनानी चौबे की 43वीं पुण्यतिथि मनायी गई**



पुण्यतिथि समारोह में कंबल वितरण करते अतिथि.

स्वतंत्रता सेनानी काशीश्वर प्रसाद चौबे की 43वीं पुण्यतिथि गुरुवार को कसमार स्थित काशीश्वर वाटिका में मनाई गई. क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. समारोह में क्षेत्र के 20 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया. समारोह को संबोधित करते हुए बीस सूत्री के जिला उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी केपी चौबे और उनके अनुज शिक्षाविद बीएस चौबे ने कसमार व आसपास के क्षेत्र में समाजसेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कसमार हाई स्कूल, सरकारी अस्पताल, प्रखंड कार्यालय, थाना समेत विकास के कई महत्वपूर्ण संस्थानों की स्थापना कराई. मौके पर बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष देवाशीष मंडल, मुरारी कृष्ण चौबे, विमल कृष्ण चौबे, सेवानिवृत्त डीएसपी सूर्यभूषण शर्मा, सुशील झा, सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त रंजन किशोर, जलेश्वर दास, आशा देवी, सिकंदर अंसारी, दुर्गा प्रजापति, दिवाकर महतो, चंद्रशेखर जायसवाल, रमेश चन्द्र महाराज, मकीम अहमद, निरंजन जायसवाल, विकास पांडेय, सुनील चौबे, सुधीर चौबे, अविनाश चौबे, शांतिपदो पाल, निवारण महाराज आदि मौजूद थे.

---

## जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

**संवाददाता। गिरिडीह**



गिरिडीह जिले में व्याप्त शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर मो. अख्तर अंसारी के नेतृत्व में गुरुवार को झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ, गिरिडीह का एक प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला. प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा पदाधिकारी के समक्ष कई मुद्दे को रखा इनमें उच्च एवं 2 उच्च विद्यालय के लिए वर्ष 2024 की अवकाश तालिका समय पर उपलब्ध करवाई जाय, वर्ष 2021 में नियुक्त शिक्षकों की सेवा संपुष्टि का पत्र भवदीय कार्यालय से निर्गत हो, उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में खाली पड़े पदों पर लिपिक एवं अनुसेवक को पदस्थापित करने की मांग, वर्ष 2023 में नियुक्त शिक्षकों की सेवा पुस्तिका खोलने एवं एचआरएमएस में संधारण हेतु प्रक्रिया प्रारंभ का पत्र निर्गत करने, आवंटन कमी वाले विद्यालय को आवंटन उपलब्ध करने, ससमय वेतन भुगतान, 2019 में नियुक्त शिक्षकों के सेवा संपुष्टि पत्र में त्रुटि दूर कर शुद्धिपत्र निर्गत करने की मांग शामिल है.

संघ के अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा ने बताया कि उक्त मुद्दों पर जिला शिक्षा पदाधिकारी से सकारात्मक जवाब मिला. प्रतिनिधिमंडल में संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी मिथुन राज, राजेश कुमार सिंह, महेन्द्र प्रसाद दांगी, ओम प्रकाश राय इत्यादि मौजूद थे.

### बजरंग दल ने अक्षत कलश का किया वितरण

**कसमार (बोकारो)।** कसमार स्थित श्री राम मंदिर में विश्व हिन्दू परिषद सह बजरंगदल की बैठक की गई, जिसमें अयोध्या से आए अक्षत कलश का वितरण किया गया. इस दौरान बताया कि पूरे भारत में एक जनवरी से 15 जनवरी तक हर हिंदू के घर पर अयोध्या से आए पूजित अक्षत एवं पत्रक देकर निमंत्रण कार्य किया जाना है. जिसकी तैयारी कसमार प्रखंड के पंद्रह पंचायत में भी किया गया है. निमंत्रण कार्य बजरंग दल के कार्यकर्त्ता करेंगे. बैठक में विश्व हिन्दू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष सूरज साव, उपाध्यक्ष चंद्रशेखर नायक, संयोजक राहुल सवर्णकार, सह संयोजक राहुल झा, सह मंत्री विष्णु जायसवाल, गर्री पंचायत संयोजक अमित प्रजापति, विकास कुमार, चंद्रशेखर हेम्ब्रम, विकास प्रजापति, राहुल पाल, चिंटू कुमार, विक्की ठाकुर, कमलेश जायसवाल, रॉकी नायक, मनोज करमाली, गौतम सागर, मोहन कपरदार, बलराम प्रजापति अन्य मौजूद थे.

#### श्री गुरुनानक विद्यालय में चार दिनों तक चलनेवाली खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

## खेल बच्चों का सर्वांगीण विकास करता है : अध्यक्ष

**संवाददाता। गिरिडीह**

शहर के स्टेशन रोड स्थित श्री गुरुनानक विद्यालय में वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया. जिसमें क्लास नर्सरी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया और यह कार्यक्रम चार दिन तक चला और इसका समापन गुरुवार को पुरस्कार वितरण के साथ किया गया.इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्री गुरुनानक विद्यालय के अध्यक्ष और गिरिडीह के समाजसेवी देवेंदर सिंह और विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के सचिव कुंवरजीत सिंह दुआ उपस्थित होकर सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया. मुख्य अतिथि ने विद्यालय परिवार के सभी कार्यों की सराहना की और बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल बच्चों का सर्वांगीण विकास करता है और पढ़ाई के साथ साथ बच्चों को कोई ना कोई खेल जरूर खेलना चाहिए, इससे बच्चों का शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है. प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय परिवार का हमेशा से ये उद्देश्य रहा है कि बच्चों का हर तरह से सर्वांगीण विकास हो इसके लिए विद्यालय में समय-समय पर अनेक कार्यक्रमों का आयोजन होता ही रहता है इसके निमित ही हर वर्ष वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया जाता है.

### सीसीएल : प्रतियोगिता का विजेता बना ढोरी



**कथाना (बेरमो)।** सीसीएल कथारा क्षेत्र के आफिसर्स क्लब में दो दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का समापन हो गया. प्रतियोगिता में सीसीएल ढोरी क्षेत्र विजेता और कथारा क्षेत्र उप विजेता रहा. विजेता, उप–विजेता सहित प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को कथारा क्षेत्र के महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने पुरस्कृत किया. कार्यक्रम का संचालन सीसीएल कथारा क्षेत्र के सीएसआर उपप्रबंधक चन्दन कुमार ने किया. प्रतियोगिता में कथारा, बीएंडके, ढोरी, हजारीबाग, हेडक्वार्टर रांची, एनके, पिपरवार, रजरप्पा के प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर भजन व नृत्य की प्रस्तुति दी.

### प्रखंड मुख्यालय में हुई बीएलबीसी की बैठक

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को बीएलबीसी की बैठक आयोजित की गई. इस बैठक में बैंक के अग्रणी जिला प्रबंधक बोकारो भी उपस्थित थे. बैठक में बीडीओ महादेव कुमार महतो एवं सीओ प्रदीप महतो ने बैंक के पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए. कहा कि बेरोजगारों युवकों, महिला स्वयं सहायता समूहों एवं किसानों को सरकार के निर्देश पर बैंक द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध कराए जाते हैं, लेकिन कुछ मामूली कागजी खानापूर्ति नहीं होने के कारण कई जरूरतमंद लोग लोन लेने से वंचित हो जाते हैं. इसलिए उन्हें सही जानकारी उपलब्ध कराने की आवश्यकता है. कहा कि सभी शाखा प्रबंधकों को केसीसी, एसएचजी, पीएमएफएमई आदि के तहत जरूरतमंद लोगों को लोन उपलब्ध कराना चाहिए और उन्हें लोन कब चुकता करना है, इसकी जानकारी संबंधित व्यक्ति को दिया जाना चाहिए.

---

**शिविर** | बेंगाबाद प्रखंड की गेनरो पंचायत में आयोजित शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

## शिविर में 800 से अधिक आवेदन जमा हुए, बंटे कंबल

**संवाददाता। बेंगाबाद (गिरिडीह)**



गुरुवार को बेंगाबाद प्रखण्ड के सुदूरवर्ती पंचायत गेनरो में आयोजित शिविर में ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. शिविर में काफी संख्या में पंचायत के ग्रामीणों विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन जमा किए. बताया गया कि सबसे अधिक अबुआ आवास का 7 सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हुआ है, जबकि विभिन्न योजनाओं से संबंधित 8 सौ से अधिक आवेदन जमा हुआ. इस अवसर पर स्कूली बच्चों के बीच साइकिल खरीदने का चेक और कई गरीब जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया.

शिविर में बीडीओ निशा कुमारी ने कहा कि राज्य सरकार के निर्देश पर आयोजित शिविर से लोगों को लाभ मिल रहा है. दूर दराज इलाके के वैसे ग्रामीण जो प्रखंड मुख्यालय तक नहीं पहुंच पाते थे, उन्हें शिविर आयोजित होने से काफी सहूलियत मिली है. बुजुर्ग-महिलाओं के अलावा अन्य ग्रामीण कैंप में आकर अपना आवेदन दे रहे हैं. शिविर में सीओ राजेश डुंगडुंग, पंचायत की मुखिया सामेल टुडू, बीपीओ सतीश कुमार, रफीक अंसारी, मो जावेद, संतोष त्यागी समेत अन्य पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

### जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें: बीडीओ

**पीरटांड़ (गिरिडीह)।** पीरटांड़ प्रखंड के बांध पंचायत में गुरुवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष संजय सिंह, प्रमुख सबिता टुडू, पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, बीडीओ मनोज मरांडी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. कार्यक्रम में सभी विभागों के द्वारा विभागवार स्टॉल लगाए गए थे. जहां लोगों के आवश्यकता अनुसार आवेदन लिए जा रहे थे. उपस्थित पदाधिकारियों ने प्रखंड एवं अंचल के विभिन्न विभागों के द्वारा लगाए स्टॉल का निरीक्षण कर स्टॉल में उपस्थित कर्मियों को शिविर में उपस्थित लाभुकों का सहयोग करने का निर्देश दिया. कहा कि राज्य सरकार समाज के हर वर्ग को समाज की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए ही कार्यक्रम आयोजित जा रहा है. जबकि शिविर में अबुआ आवास के स्टॉल में काफी भीड़ देखी गई, इसके अलावा सर्वजन पेंशन योजना, पीएम आवास योजना, पीडीएस, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, शिक्षा विभाग, प्रज्ञा केंद्र, पशुपालन विभाग, जमीन संबंधित विभाग, बिजली विभाग आदि का स्टाल लगाया गया था, जहां अन्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई.

#### डीपीएस बोकारो में विशेष एसेंबली का आयोजन

## नृत्य के साथ बच्चों ने मनाया क्रिसमस

**संवाददाता। बोकारो**



क्रिसमस और नववर्ष के उपलक्ष्य में गुरुवार को डीपीएस बोकारो में विशेष एसेंबली का आयोजन किया गया. बच्चों ने गीत-संगीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों के साथ इस उत्सव को मनाया. इस अवसर पर जगमगाते क्रिसमस ट्री और सितारों की आकर्षक सजावट के बीच विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मनभावन प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया. सीनियर विंग में बच्चों ने मैं जिस रास्ते पर चल पड़ा हूं, विश यू अ मैरी क्रिसमस एंड हैप्पी न्यू ईयर, ओ फादर गिव मी आदि समूह गीतों की सुरीली प्रस्तुति की. इस पर बच्चों ने की-बोर्ड, गिटार व अन्य वाद्य-यंत्रों पर कुशल संगत की. इस दौरान क्रिसमस कैप पहने बच्चों की एकरूपता सभी का मनमोह ले रही थी. इसके बाद जिंगल बेल, जिंगल बेल, जिंगल ऑल द वे सहित अन्य क्रिसमस कैरोल पर छात्राओं ने शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत किया. उनके साथ सांता क्लॉज के वेश में सजे बच्चों ने झूम-झूमकर अपनी प्रस्तुतियों से सबको खूब लुभाया. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि क्रिसमस आज एक वैश्विक त्योहार बन चुका है. यह हमें प्रेम, स्नेह, सद्भावना और मानवता की रक्षा का संदेश देता है. उन्होंने विद्यार्थियों को नए साल में नए संकल्प के साथ आत्मविश्वासी बनने की प्रेरणा दी. इस दौरान विद्यार्थियों ने प्राचार्य को स्वनिर्मित आकर्षक क्रिसमस कार्ड भेंट किया. बच्चों ने राष्ट्रीय एकता व अखंडता की प्रतिज्ञा ली तथा सभा का समापन विद्यालय गीत व राष्ट्रगान से हुआ.

# हेमंत सरकार का आभार व्यक्त कर धन्यवाद जताया, कहा - जय झारखंड



1932 के **खतियान** आधारित स्थानीय नीति के पारित होने से झारखंडियों में खुशी का माहौल

**हेमंत सरकार ने 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति को विधानसभा से फिर पारित करा लिया है. इससे खतियानधारी झारखंडी बेहद खुश हैं. उन्होंने 'अब मिला है झारखंडियों को उनका असली हक, यह तो होना ही चाहिए, यह झारखंडियों की असली पहचान है, जैसी बातें ' कह कर अपनी भावनाओं को व्यक्त किया है. इसके लिए झारखंडियों ने हेमंत सोरेन सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद भी दिया है. लेकिन बहुत से लोगों ने यह भी सवाल उठाया है कि जो लंबे समय से झारखंड में रह रहे हैं और जिनके पास 1932 का खतियान नहीं है, उनका क्या होगा. क्यों नहीं 1964 के खतियान को मान्यता दी गई. झारखंड 2000 में बना तो 1932 के खतियान को ही क्यों प्रमुखता दी गई. वर्ष 2000 से पहले से रहने वाले को क्यों नहीं नीति में स्थान दिया गया. दूसरी ओर अंतिम सर्वे को ही स्थानीय नीति के लिए आधार बनाए जाने की बात कही है. ऐसे बहुत से सवाल लोगों ने उठाए हैं. पर स्थानीय नीति से दोबारा पारित हो जाने से सभी खुश हैं. जो स्थानीय नीति पारित की गई है. उसके अनुसार जिनके पूर्वजों के नाम 1932 के खतियान या उससे पहले के सर्वेक्षण में दर्ज है, वे स्थानीय माने जाएंगे. भूमिहीन व्यक्तियों के मामले में स्थानीय व्यक्ति की पहचान ग्राम सभी करेगी. इस विधेयक के तहत परिभाषित व्यक्ति राज्य मैं सामाजिक सुरक्षा, सामाजित बीमा और रोजगार के प्रमुख हकदार होंगे. विधेयक के तहत परिभाषित व्यक्ति राज्य के स्थानीय वाणिज्यिक उपक्रमों जैसे झीलों, नदियों, मत्स्य पालन के भी हकदार होंगे. तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की नौकरियां1932 के खतियानधारियों के लिए आरक्षित होंगी. शुभम संदेश ने इस संदर्भ में राज्य के विभिन्न जिलावासियों और राजनीतिज्ञों की राय जानी है. पेश है रिपोर्ट.**

# अब मिली असली पहचान

1. राजनीतिज्ञों ने सरकार की मंशा पर उठाए सवाल कहा - राज्य सरकार जनता को भटका रही है
2. अंतिम सेटेलमेंट को आधार बनाने पर कइयों ने दिया जोर,सरकार 32 का राग न अलापे
3. झामुमो को अपने पर पूरा भरोसा, कहा- हमारी सरकार इस मामले पर गंभीर, जल्द लागू होगी





## सरकार की नीयत इस मामले में साफ नहीं : ढुल्लू महतो



बाघमारा भाजपा विधायक ढुल्लु महतो का कहना है कि सरकार पूरे झारखंड प्रदेश के जो बेरोजगार युवा हैं उनसे रोजगार देने का वादा कर सरकार सत्ता में आयी है. लेकिन यह सरकार उनकी भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है. आनन फानन में बिना चर्चा के इस बिल को दोबारा भेजा गया है . न इस पर कोई चर्चा हुई न ही बहस. यह सरकार की गलत सोच है. हमारा इस विधेयक पर कोई विरोध नहीं है. पिछली बार हमने इसका समर्थन किया था लेकिन सरकार की नीयत इस बार भी बिल को पास करने की नहीं है, बल्कि सिर्फ राज्य की जनता को बहलाना है

## 32 का खतियान झारखंडियों के रग-रग में : वैद्यनाथ राम



लातेहार से जेएमएम के विधायक वैद्यनाथ राम का कहना है कि हम इस विधेयक के लिए गंभीर हैं और इसलिए इसे दोबारा भेजा गया है. यह झाररखंडियों की भावना से जुड़ा हुआ मामला है. यह उनके रग रग में शामिल है. इसमें कहीं कोई शक नहीं है. विपक्ष की मंशा कामयाब नहीं होगी ये जल, जंगल, जमीन की सरकार है. हम अपनी नीतियों में कोई भी बदलाव नहीं लाएंगे. यह जल्द ही लागू किया जाएगा.

## जेएमएम ही यह विधेयक पास कराएगा : मथुरा महतो



''टुंडी के झामुमो के विधायक मथुरा महतो का कहना है कि यह विधेयक सरकार ने दोबारा भेजा है. यह राज्य के युवाओं के हित में है. आने वाले समय में इससे राज्य की जनता को लाभ होगा. विपक्ष के पास कोई मुद्दा बचा नहीं है और इसे लेकर वह राजनीति कर रही है, लेकिन राज्य की जनता इस बात को अच्छी तरह समझ रही है. आने वाले समय में जनता इसका जवाब भी देगी. यह बहुत जरुरी मामला है. इसको जल्द लागू करना है. इसे लेकर राज्य सरकार काफी संवेदनशील है.

## जनता को सिर्फ धोखा दे रही है राज्य सरकार : सरयू राय



जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय विधायक सरयू राय का कहना है कि इस मुद्दे पर सरकार जनता को धोखा दे रही है. सरकार यह दिखाना चाह रही है कि वह इस बिल को पास करवाना चाहती है. लेकिन सच्चाई यह है कि वह इसके लिए कुछ भी नहीं कर रही है. सरकार ने इस विधेयक को हुबहू भेजा है. जो इस बात का सबूत है. उन्होंने कहा कि अभी नियुक्तियां नहीं हो रही हैं सरकार आखिर किस नीति के तहत नियुक्तियां कर रही है ये भी सरकार को बताना चाहिए. सरकार यह चाहती है कि जो हो रहा है वही आगे भी होता जाए और जनता भ्रम की स्थितf में रहे.

## मामला गंभीर है,इस पर चर्चा नहीं कराना गलत : नवीन जायसवाल



हटिया से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल का कहना है कि पिछले साल इस मुद्दे पर विपक्ष ने सरकार का साथ दिया था और इस बिल को ध्वनि मत से पास करवा कर भेजा था.हमने कहा था कि यह झारखंड की भावना से जुड़ा हुआ बिल है. इसलिए इसे इस तरह से भेजा जाए ताकि कोई त्रुटि न रहे. साथ ही यह बिना अड़चन के पास हो. इस बार भी अगर सरकार इस मुद्दे पर सदन में चर्चा करवाती तो हम भी अपनी बातें रखते. लेकिन सरकार ने यह जरूरी नहीं समझा. इस मुद्दे पर बोलने के लिए हमने स्पीकर से समय भी मांगा, लेकिन उन्होंने सिर्फ सत्ता पक्ष को ही मौका दिया. हम यह सुझाव देना चाहते थे कि वाकई सरकार इसके लिए गंभीर है, तो इसे विधानसभा में लाने की जरूरत क्या है. इतने महत्वपूर्ण मुद्दे पर सरकार कितनी गंभीर है इसका अंदाजा लगाने के लिए यह काफी है.

## सरकार को झारखंडियों की कोई चिंता नहीं : लोबिन हेंब्रम



बोरियो के झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम का कहना है कि मुझे पूरा भरोसा था कि इस विधेयक को लेकर सदन में बहस होगी और चर्चा भी होगी. लेकिन बिना किसी बहस या चर्चा के इसे पारित कर दिया गया और नौवीं अनुसूची में भेज दिया गया. जबकि इसे नवीं अनुसूची में भेजने का कोई तुक नहीं बनता. ये सिर्फ धोखा है. यह दुख की बात है. छात्र-छात्राओं का भविष्य क्या होगा. इसकी चिंता इस सरकार को बिल्कुल भी नहीं है. यह सरकार आदिवासियों और मूल वासियों के लिए कुछ भी नहीं कर पाई. जबकि इसी मुद्दे पर सरकार ने मुंडा सरकार से समर्थन वापस लिया था.

## बाहरी से ज्यादा झारखंडियों के लिए बड़ा सवाल...झारखंड में आप हैं कौन?

### पुरखों के नाम दस्तावेज में, वहीं झारखंडी

**किस** तरह चारों ओर से हम खतियानी झारखंडियों के संवैधानिक, संसदीय और कानूनी अधिकारों को जबरन कुचला जा रहा है. हमारे झारखंडी सांसद- विधायक अगुवागण राष्ट्रीय पार्टियों की गुलामी खटते रहते हैं. आइए जानते हैं संक्षेप में कि क्या है डोमिसाइल यानि झारखंड में स्थानीय कौन है, यानि झारखंडी कौन है. पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जिस डोमिसाइल नीति को लागू कर दिया था, जिसे हाईकोर्ट में चुनौती दी गयी और अंततः कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया. क्या थी वह डोमिसाइल नीति? सीधे सरल शब्दों में जानकारी दूं कि जिला में जन्मे व्यक्ति, जिनके पुरखों के नाम जमीनी दास्तावेज/बासगीत परचा आदि में दर्ज हो, वहीं डोमिसाइल कहलाएगा.



रतन तिर्की
पूर्व सदस्य, ट्राइबल एडवाइजरी कमेटी (टीएसी)

**1982 के बिहार के संकल्प को 2002 में बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में लागू किया था :** मालूम हो 1982 में बिहार में कर्पूरी ठाकुर की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई और संकल्प पत्र जारी किया गया. सभी पार्टियों की सहमति बनी, निर्णय लिया गया कि जिले में जन्मे व्यक्ति को ही उस जिले का स्थानीय व्यक्ति माना जाएगा. इस पर सभी दलों- संगठनों ने सहमति जतायी थी और इसी का बिहार राज्य में संकल्प बना था, जिसे 2002 में प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में लागू कर दिया था.

बस यहीं से साजिश शुरू हो गयी. भाजपा, राजद, कांग्रेस और बिहार में राजनीति करनेवालों और झारखंड में रहनेवाले बहिरागत निवासियों में हड़कंप मच गया, क्योंकि अधिकांश ऐसे लोग भी थे, जिनके पास जमीन का कागजात मसलन खतियान ही नहीं था. हमलोगों ने उस वक्त के आदिवासी व खतियानी झारखंडियों के हक-अधिकार के लिए लड़ने वाले बंधु तिर्की और तब सालखन मुर्मू के साथ क्रमबद्ध जबरदस्त आंदोलन किया. बंधु तिर्की और हमलोगों ने मिलकर कोर्ट में केस किया और दिल्ली से वकील का बंदोबस्त किया था. मंथन, माथापच्ची, मगजमारी हुई, लेकिन ये बहिरागत घर के वकील ही भेदिया और दुश्मन निकल गए. हम फेल हो गए.

**भाजपा ने 1985 का कार्ड खेल दिया, दूसरी पार्टियों ने समर्थन किया :** बाद में संघ परिवार भी काफी सक्रिय हो गया. बिहार-यूपी के आईएएस-आईपीएस और अन्य बहिरागत पदाधिकारियों, पत्रकारों, अखबारों ने भी बाबूलाल मरांडी के खिलाफ लाबीबाजी शुरू कर कर दी. और बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री पद से हटाकर अर्जुन मुंडा को मुख्यमंत्री बना दिया गया. उधर सब योजनाबद्ध तरीके से चल रहा था, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता ने बाबूलाल मरांडी द्वारा लागू की गयी स्थानीय नीति को झारखंड हाईकोर्ट से खारिज करा दिया. लेकिन कोर्ट ने यह भी कहा कि झारखंड सरकार चाहे तो अपनी स्थानीय नीति बना सकती है. तो तब से लेकर कई सरकारें आयीं-गयीं, पर किसी ने स्थानीय नीति बनाने की हिम्मत नहीं की. बाद में जब लगातार हमलोगों ने दबाव बनाया, तो भाजपा ने इस पर 1985 का कार्ड खेल दिया. ये तो भाजपा ने अपने मन मुताबिक स्थानीय नीति बनायी, जिस पर राजद, आजसू सहित अन्य कई राजनीतिक दलों ने भाजपा का मौन समर्थन किया था. 1985 को कटऑफ वर्ष मान लिया गया और फिर क्या था, दनादन नौकरियों में सबको भर्ती किया गया. राष्ट्रीय पार्टियों के चक्कर में फंसे हमारे आदिवासी और खतियानी झारखंडी सांसद-विधायकों ने अपनी कुर्सी व पद बचाने के चक्कर में चुप्पी साध ली. बहिरागत आबादी के वोट का भी सवाल था.

### अब हेमंत सरकार पर 1985 कटऑफ स्थानीय नीति को समाप्त करने का दबाव

अब हेमंत सरकार पर दबाव बनाया जा रहा कि नियोजन नीति से पहले 1985 कटऑफ स्थानीय नीति को खत्म कर पुनः जिला को आधार मानकर स्थानीय व्यक्ति को परिभाषित किया जाए. हेमंत सोरेन ने तो पहले ही घोषणा पत्र में 1932 के खतियान के सवाल पर अपनी सहमति जता दी थी. हेमंत सोरेन ने भी समय की मांग और राजनीतिक चपलता का परिचय देते हुए विधानसभा में घोषणा कर दी थी कि जल्द ही 1932 की खतियान आधारित नियोजन नीति पर विचार -विमर्श कर स्थानीयता तय कर दी जाएगी और यह आज फिर दोहरा दी गयी. भले राज्यपाल ने इसे एक बार लौटा दिया है. 1932 के बदले बिहार सरकार के 1982 के संकल्प, जिसमें सभी दलों ने जिला को स्थानीय व्यक्ति का आधार सर्वसम्मति से माना था, के आधार पर तय हो कि झारखंड में स्थानीय व्यक्ति वही होगा, जिसके पुरखों का नाम उसके खतियान में दर्ज होगा. यही सही होगा आज के परिप्रेक्ष्य में.

### झारखंड में झारखंडी कौन? इसे लेकर संघर्ष हो

अब फिर शुरू होगी डिवाइड एंड रुल की चाल. मतलब हिंदु, मुसलमान, ईसाई, सरना वगैरह -वगैरह . लेकिन मेरा सुझाव मानिए. संघर्ष और मांग सिर्फ इस पर हो कि झारखंड में झारखंडी कौन? यही संविधान की देय अधिकारिक मांग है! पांचवीं अनुसूची, पेसा कानून, सीएनटी/ एसपीटी एक्ट, वनाधिकार कानून (एफआरए), समता जजमेंट वगैरह. तभी वीर बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू की मांग- "अबुआ दिशुम अबुआ राज" के बारे आप सोच सकते हैं..नहीं तो गुलामी खटते रहिए. सवाल एक ही है और वो है झारखंड में आप कौन हैं ? ये बहिरागत आबादी से ज्यादा बड़ा सवाल आप झारखंडियों के लिए है.

## लटकाओ, भटकाओ और अटकाओ की नीति अपना रही : अनंत ओझा



साहिबगंड के भाजपा विधायक अनंत ओझा का कहना है कि 1932 के आरक्षण विधेयक पर सरकार लटकाओ, भटकाओ और अटकाई की नीति अपना रही है.अगर सरकार चाहती तो इसे कैबिनेट से ही पास करवा देती, लेकिन ऐसा नहीं कर सरकार ने अपनी मंशा जाहिर कर दी है. भारतीय जनता पार्टी राज्य के युवाओं के साथ खड़ी है क्योंकि रोजगार राज्य का विषय होता है और रघुवर दास के कार्यकाल में सरकार ने एक लाख लोगों को रोजगार देने का काम किया था. लेकिन इन्हें नौकरी देना नहीं है और युवाओं में भ्रम की स्थिति पैदा कर रही है. न तो इनकी नीति स्पष्ट है न ही नीयत. ये लगातार राज्य के युवाओं के भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं.

## 1982 के बिहार के फैसले के हिसाब से भी यह सही : शिल्पी



मांडर से कांग्रेस के विधायक शिल्पी नेहा तिर्की का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी वही है जिन्होंने अपने कार्यकाल में 1985 आधारित डोमिसाइल नीति पारित की थी. हम 1932 पर कायम थे, हैं और आगे भी रहेंगे. विपक्ष दोनों नाव में पैर रखना चाहता है. 1982 में अविभाजित बिहार में श्रम विभाग के द्वारा एक बजट आया था. जिसमें तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में 100 प्रतिशत रिजर्वेशन की बात थी . अगर उसे भी सही मानेंगे तो इस राज्य में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में स्थानीय लोगों को आरक्षण देना सरकार का वादा है और हम इसे पूरा करेंगे.

## हमारे सहयोगी लगातार .इन पर मिली टिप्पणी

मैं स्थानयी नीति का समर्थन करता हूं, लेकिन क्रीमी लेयर वाला ही नौकरी करे तो यह ठीक बात नहीं है.
**विकास (गोला)**

जहां सेटलमेंट 1964 में हुआ, उनको क्या मान्यता दी जायेगी. इस पर फिर से विचार किया जाना चाहिए.
**प्रदीप कुमार पान, चाईबासा**

आरिजिनजल झारखंडी के लिए एकदम सही है (झारखंड सरकार जिंदाबाद)
**द्वारिका मानकी, सरायकेला खरसांवा**

ऐसे तो बहुत के पास 1932 का खतियान नहीं होगा. जो सालों से रह रहा है उसका क्या होगा.
**मो. सैय्यद अंसारी, साहिबगंज**

होना चाहिए, जय जवान जय किसान.
**सागर मुर्मू, जमशेदपुर**

1932 आधारित नीति झारखंड और झारखंडियत के लिए बहुत जरुरी है. झारखंड अलग होने के बाद भी आज का आदिवासी बहुत पीछे हुआ है. बहुत सारी चीजों से बंचित है. इसलिए कहीं न कहीं यह अधिकार और हक मिलना चाहिए. जय हिन्द, जय झारखंड.
**मो. खालिद, खेलारी**

बिलकुल सही है,1932 के बाद वालों को अन्य राज्यों की तरह 10 परसेंट आरक्षण दिया जाय.
**शेखर कुमार, दुमका**

मैं सहमत हूं। लेकिन केवल खतियान आधारित होता तो और अच्छा होता. जैसे हमारे पास 1964 का खतियान है.
**मकरध्वज महतो, मनोहरपुर (पश्चिमी सिंहभूम)**

पीपुल नीड जॉब, नो मैटर वाटेवर नियोजन नीति इंप्लीमेंटेड
**दीपक, देवघर**

विधेयक में पास किया गया 1932 का खतियान के नियमों से सहमत हूं. झारखंड के हित में नियम बनाने के लिए विधायकों को धन्यवाद कहता हूं.
**उचित कुमार, रामगढ़**

खतियान आधारित स्थानीय नीति होनी चाहिए.
**मलिंदर, जमशेदपुर**

स्थानीयता की पहचान हेतु 1932 का खतियान् जरूरी है, लेकिन सर्वे का खतियान् तो सरकार के पास भी नहीं है. क्योकि मौजूदा परिस्थिति मे आम जनता के पास सभी के पास है ही नही. तो इसका लाभ कैसे मिलेगा.
**प्रवीण कुमार चरणपहाड़ी, गिरिडीह**

बहुत ही शुभ और मंगलकारी होगा झारखंड वासियों के लिए, इसके लिए हेमंत सोरेन जी को बहुत बहुत धन्यवाद .
**गंगाधर गंझू, रांची**

कोल्हान प्रमंडल में 1964 में आखरी सर्वे हुआ है तो यहां के निवासियों को 1932 का खतियान कहा से मिलेगा.
**गुरुचरण रजवार, पूर्वी सिंहभूम**

1932 खतियान के तहत स्थानीय नीति बिल्कुल सही है.
**मो. कौसर अंसारी, हजारीबाग**

मैं लातेहार से हूं और आपका बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं कि 1932 का खतियान लागू हो रहा है.विधेयक में पास किए गए 1932 के खतियान के नियमों से सहमत हूं .
**अजय सिंह, लातेहार**

सुरक्षा कवच है 1932 झारखंड के लिए.
**घनश्याम कुमार महतो, धनबाद**

ये झारखंड सरकार का बहुत ही अच्छा प्रयास है, बहुत दिनों से राज्य वासी 1932 आधारित स्थानीय नीति की मांग कर रहे थे. राज्य वासियों में अभी खुशी माहौल है, इस कार्य के लिए झारखंड सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद.
**निरज बाड़ा, लोहरदगा**

बहुत अच्छी बात है. यह नियम लागू होना चाहिए.
**गुलजार अंसारी, गिरिडीह**

1932 का खतियान पास होना चाहिए.
**भरत चंद्र महतो, चांडिल**

द पॉयंट इज राइट, सूड बी इंप्लीमेंटेड
**रितेश टोप्पो गुमला**

हमारे राज्य के मुख्यमंत्री के द्वारा यह विधेयक पास किया गया है. जिससे कई अपरिभाषित व्यक्ति हमारे झारखंड में छुप के रह रहे थे वे अब सामने आ सकेंगे और वे लोग खुद की पहचान बताने में सक्षम होंगे. इस तरह के विधेयक से यह भी पुष्टि हो पाना संभव होगा कि हमारे राज्य में भी कहीं न कहीं कहीं दूसरे जगह के व्यक्ति रहकर यहां के व्यक्ति जिसे नौकरी का अधिकार हो उसे न मिल कर अपरिभाषित लोगों को मिल रही है. और ऐसे कई लोग ऐसे होंगे जो आतंकवादी भी हो सकते हैं. इस विधेयक से हमारे राज्य, हमारे लोग और उनके नौकरी बच जायेंगे. मैं इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री जी श्री हेमंत सोरेन को आभार व्यक्त करता हूं.
**राज कुमार दास, गिरिडीह**

## नियोजन नीति को जोड़ना चाहिए : राजेश कुमार



राजेश कुमार युवा सामाजिक कार्यकर्ता बिरनी गिरिडीह का कहना है कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति के साथ नियोजन नीति को भी जोड़ना चाहिए. जिसके पास खतियान नहीं है, ऐसी स्थिति में भाषा संस्कृति और उक्त स्थान पर कितने दिनों से निवास कर रहे है तथा उन्हें झारखंड की क्षेत्रीय भाषा की जानकारी होनी चाहिए.

1932 नहीं बोटर लिस्ट के आधार पर होना चाहिए.
**अजित कुमार, धनबाद**

राज्य स्तरीय नौकरियों में 90% झारखंड के 1932 आधारित स्थानीय लोगों नौकरियों कब मिलेगी.
**परीक्षित रजवार, चास बोकारो**

राज्य सरकार का यह एक एतिहासिक कदम है. इनसे यहां के स्थानीय लोगों को उनका हक और अधिकार मिलेगा.
**रमेश टुडू, धनबाद**

आनेवाले समय के लिए 1932 खतियान का लाभ अब झारखंडवासी उठा सकेंगे. अब हमें असल राज्य मिला है.
**अजीमुद्दीन अंसारी, जमशेदपुर**

है तो ठीक लेकिन राज्यपाल बार बार लौटा देते हैं. झारखंड में कुछ ऐसे लोग भी हैं जो बहुत पुराने बसे हुए हैं. लेकिन उनका खतियान नहीं उसका क्या होगा.
**सत्येन्द्र तिवारी, चतरा**

झारखंड राज्य बनता है 2000 में और यहां का स्थानीय माने जायेंगे वो जो 1932 के पहले के हैं, ये गलत है. जब झारखंड राज्य बना उस समय जो इस राज्य में रहते थे. उसको स्थानीय माना जाना चाहिए.
**सचिन कुमार पासवान. चाईबासा.**

1932 का खतियान तुरंत लागू हो. झारखंड झारखंडियों का है.
**चिनमय राणा, गिरिडीह**

उनका क्या होगा, जो 60 साल के तबके बिहार और आजे के झारखंड में रह रहे हैं.
**जाबेद आमल, लातेहार**

1932 आधारित खतियान हम झारखंडियों के लिए बहुत ही अच्छा और सरकार द्वारा किया गया कार्य बहुत अच्छा है.
**पिंटू कुमार, बलियापुर**

द 1932 एक्ट सूड बी इंप्लीमेंटेड फॉर आवर झारखंडी आलरेडी आल झारखंड हेंडेड ओवर अदर स्टेट पीपुल.
**प्रकाश कुमार रवि, रामगढ़**

अपने-अपने राज्य के निवासियों को अपने हक अधिकार मिलने चाहिए. जिससे गांव के गरीब वर्ग के किसान मजदूर पूत्र थर्ड और फोर्थ ग्रेड के नौकरी कर अपने जीवन यापन कर सके.
**सुधीर साहू, पटना (बिहार)**

कोल्हान में 1932 का खतियान सबके पास नही हैं. 1964 का खतियान सबके पास हैं. इसलिए दोनों खतियान को मान्यता मिले. अन्यथा कोल्हान को अलग राज्य घोषित किया जाए.
**मनीष कुमार, आदित्यपुर**

1932 लागू करना है तो जल्दी कीजिए ओर 90%आरक्षण आपने हित में हो.
**रवि, गिरिडीह**

सबसे ज्यादा खनिज संपदा के बाद भी बहुत पीछे है झारखंड, 2024 में बड़ा बदलाव जरुरी है.
**सनोज पासवान, हजारीबाग**

1932 आधारित नियोजन नीति जरुरी है. ऐसे थर्ड और फोर्थ ग्रेड नौकरी मिलनी चाहिए.
**लोकनाथ मूर्मू ,धनबाद**

1932 के लिए सरकार का अच्छा निर्णय, लेकिन गवर्नर और बीजेपी फिर से लूटने का काम करेंगे.
**विश्वनाथ मूर्मू, देवघर**

हम 1932 का समर्थन करते हैं. हर स्टेट की नियोजन पॉलिसी है. बस झारखंड की नियोजन पॉलिसी नहीं है. इसलिए ये 1932 का खतियान बहुत जरुरी है. यही हम झारखंडियों की पहचान है.
**रोहित सोरेन, गुमला**

अवश्य होना है तभी राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरी में अवसर मिल सकता है. इसके साथ ही साथ नियोजन में 90से 95% सीट स्थानीय के लिए सुरक्षित हों. ये भी सुनिश्चित करने की आवश्यकता है.
**सीमा देवी, जामताड़ा**

गुड डिसिजन.
**पूजा माजी, बोकारो**

1932 लागू हो.
**हुतसर कुमार, रामगढ़**

गॉर्ड हेल्प अस,
**राजेश सोरेन, ईचागढ़**

1932 का खतियान लागू होना ही चाहिए.
**बबलू, बोकारो**

बहुत सही है, 1932 लागू होना चाहिए.
**नूर मोहम्मद आंसारी, लोहरदगा**

आई एग्री बीथ इट.
**डेविड कुमार महतो, धनबाद**

सर मेरा भी यही कहना है कि अगर झारखंड प्रदेश में 1932 का खतियान की तर्ज पर विधेयक पारित की जाती है या महामहिम मुर्मू उक्त विधेयक को मंजूरी प्रदान करती है झारखंड प्रदेश में एक छोटी सी मीचिस की तिल्ली जैसा काम होगा.
**मधुसुदन बिरुआ, जमशेदपुर**

ये बकवास है. चुनावी राजनीति है. 1932 का खतियान कोल्हान में किसी के पास नहीं है. हेमंत सोरेन सरकार को सिर्फ एक आदमी चला रहा है सुप्रियो भट्टाचार्य जो जेएमएम को आगामी चुनाव में ले डूबेगा. ओबीसी आरक्षण को जिला स्तरीय पद में 0 कर दिया और स्वर्ण आरक्षण ईडब्ल्यूएस जहां पर उनकी संख्या भी नहीं है वहां 10% सीट दे दिया.
**विश्वजीत गोप, जमशेदपुर**

जिनके पूर्वजों का नाम 1932 के खतियान या उससे पहले के सर्वेक्षण में दर्ज है, वे स्थानीय माने जाएंगे. भूमिहीन व्यक्तियों के मामले में स्थानीय व्यक्ति की पहचान ग्राम सभा करेगी. इस विधेयक के तहत परिभाषित व्यक्ति राज्य में सामाजिक सुरक्षा, सामाजीक बीमा और रोजगार के प्रमुख हकदार होंगे. विधेयक के तहत परिभाषित व्यक्ति राज्य के स्थानीय वाणिज्यिक और सांस्कृतिक उपक्रमों जैसे झीलों, नदियों, मत्स्य पालन के भी हकदार होंगे. थर्ड और फोर्थ ग्रेड की नौकरी 1932 के खतियानधारियों के लिए आरक्षित रहेगी.
**राकेश कुमार महतो धनबाद**

वेरी गुड.
**अरुण कु, डालटनगंज**

गुड.
**हरि प्रसाद मुर्मू, बोकारो**

ओके,
**प्रीतम, गुमला**

1932 गुड
**सुनील कुमार यादव, कोडरमा**

सही है.
**नंदराम यादव, देवघर**

वेल द बेस्ट.
**बिनोद कुमार सिंह, डालटनगंज**

जय झारखंड.
**मुन्ना कुमार, गोड्डा**

होना जरूरी है.
**दारा सिंह चाम्पिया, नोवामुण्डी**

सही है.
**अजित कुमार, जपला**

1932 लागू होना चाहिए.
**बुद्धदेव कुशवाहा, सिल्ली**

सर्वश्रेष्ठ.
**अंकित यादव, गोरखपुर**

एम आई नॉट एप्लीकेबल.
**मनीष यादव,सासाराम**

ओके.
**मनोज मरांडी, धनबाद**

अच्छा काम
**आर के तिवारी, मेदिनीनगर**

गुड डिसिजन.
**पूजा माजी, बोकारो**

एबसलुटली राइट.
**इसाहुल हक शाह,गढ़वा**

## मामले को जानबूझकर लटकाना चाह रही सरकार : शैलेंद्र महतो

पूर्व सांसद शैलेन्द्र महतो ने विधानसभा में 1932 की खतियान पारित होने पर कहा है कि यह एक राजनीति खेल है. बिहार में जो स्थानीय नीति बनी है वह खतियान से बनी है. उसमें कहीं भी कोई तारीख नहीं लिखी है. उसमें अंतिम सर्वे का खतियान है वह होना चाहिए. यह विधेयक पारित करने के बाद यह बात भी सामने आएगी जिसमें कोल्हान में 1965 में सर्वे हुआ था. उस समय सर्वे में 1956 में जब एसआरसी कमीशन के द्वारा पुरुलिया बंगाल में चला गया था और झारखंड में ईचागढ़, नीमडीह और पटमदा आ गया था.



सरायकेला-खरसावां 1915 से लेकर 1947 तक ओडिशा के पास गया था, वह पुनः 18 मई 1948 को वापस आ गया. इसलिए 1965 को फिर से सर्वे हुआ. उन्होंने कहा कि यहां जिस दिन 1932 का खतियान लागू होगा उस दिन वे लोग छूट जायेंगे, इसलिए वे इसे नहीं मानते.

### अलग-अलग सर्वे हुए हैं

शैलेंद्र महतो ने कहा कि यह बिल्कुल भी उचित नहीं है. कोई सीमा रेखा या कोई लक्ष्मण रेखा इसमें तय नहीं है. विभिन्न समय में और विभिन्न जिलों में अलग-अलग ढंग से सर्वे हुए है, ऐसे में सरकार इसे जानबूझकर लटकाना चाह रही है. हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इसके लिए तत्पर नहीं है और सरकार जानबूझकर यह कर रही. सरकार ने चार साल ऐसे ही गलफत में बिता दिए और अब एक साल बाकी है. यह एक साल भी ऐसे ही बीत जाएगा. जनता जानती है कि 1932 का मामला सफल नहीं होगा. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने विधानसभा में खुद ही भाषण दिया था कि यह विधेयक कोर्ट में जाने पर कोर्ट उसे रिजेक्ट कर देगी. यह भली भांति जानते हुए भी वे बच्चों की तरह यह काम कर रहे हैं.

### बिहार की तर्ज पर लागू हो

शैलेंद्र महतो ने कहा कि जो बिहार में लागू है उसी तर्ज पर यहां भी खतियान को लागू किया जाना चाहिए. क्योंकि हम बिहार से ही अलग हुए हैं. बिहार राज्य पुनर्गठन विधेयक में बहत स्पष्ट है कि अलग राज्य बनने के बाद जो भी चीजें झारखंड में लागू होगी उसमें सभी नियम और कानून बिहार को ही स्वीकार करने पड़ेंगे. लेकिन उस दिशा में कोई काम नहीं हो रहा है. उन्होंने कहा कि यह सरकार आई है तो जरूर जाएगी. जनता बार-बार नहीं ठगी जाएगी. 2019 का चुनाव लड़ने के समय में उन्होंने बड़ी-बड़ी बातें की थी. जिस संकल्प से उन्होंने सरकार बनाया था वह अब तक पूरा नहीं हो सका है. प्रदेश की जनता को पता है कि इस सरकार ने कितना काम किया है.

## झारखंड की जनता और नेता दोनों बेवकूफ : मुर्मू



विधानसभा में 1932 की खतियान आधारित नीति पारित होने पर आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू ने कहा है कि यह कभी लागू ही नहीं होगी. इसमें वह पड़ना नहीं चाहते. झारखंड की जनता और नेता दोनों ही बेवकूफ हैं. दोनों मिलकर अपने आप से धोखा कर रहे हैं. इसलिए वे इस पर ज्यादा कुछ नहीं कहना चाहते हैं.

## राजभवन के हिसाब से सरकार अपनी नीति तय नहीं करेगी : सुदिव्य कुमार



गिरिडीह के झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू का कहना है कि स्थानीय नीति को लेकर राजनीति हो रही है. यह राजनीति कौन कर रहा है यह जनता देख रही है. जनता ही तय करेगी कि 2024 में कौन आएगा. 1932 का खतियान झारखंड की जनता का सपना है और जो भी इसमें रोड़े अटका रहे हैं उनके मंसूबे कामयाब नहीं होंगे . राजभवन के संदेश सरकार की नीतियों को बदल नहीं सकते. हम जनता को जो वादा करके आए हैं और जो गठबंधन सरकार का कमिटमेंट है वह बदलेंगे नहीं. हम इस पर कायम रहेंगे. तमिलनाडु जहां से राज्यपाल आते हैं वहां 69 प्रतिशत आरक्षण है और यह नौवीं अनुसूची में संरक्षित है. अगर बीजेपी वाकई 1932 की हिमायती है तो केंद्र सरकार की ओर से पहल करवाए और इस गतिरोध को समाप्त करें.

## सरकार नहीं चाहती कि इसका समाधान निकले : रणधीर सिंह



सारठ के भाजपा विधायक रणधीर सिंह का कहना है कि खतियान के नाम पर झारखंड की जनता को ठगा जा रहा है. भाजपा ने अपने कार्यकाल में नियोजन नीति लाई और इसे इस सरकार ने बदलने का प्रयास किया .राज्यपाल ने जब एक बार इस विधेयक को वापस कर दिया, फिर उसी रूप में हूं बहू राज्यपाल के भेजना यह दिखाता है यह सरकार नहीं चाहती है कि इसका समाधान निकाले. जहां तक बात राज्यपाल को भाजपा के द्वारा समझाने या बहकाने का है तो राज्यपाल सारी बाते समझते हैं. इन्हें राज्यपाल पर उंगली उठाने का कोई हक नहीं है.

## सरकार इसे सिर्फ मुद्दा ही बनाकर रखना चाहती है : अमर कुमार बाउरी



भाजपा के चंदनक्यारी विधायक अमर कुमार बाउरी का कहना है कि यह एक ऐसा विषय है जो सबके मन में है और झारखंड का युवा लंबे समय से इसकी प्रतीक्षा कर रहा है. यह पूरी तरह से राज्य के अधिकार क्षेत्र में है और अगर राज्य सरकार चाहती तो कैबिनेट से इसे पास कर भेज सकती है. जैसा हमने अपने कार्यकाल में किया और लाखों लोगों को रोजगार दिया था. लेकिन इस सरकार ने ऐसा नहीं कर इस मुद्दे को लटकाया है. वह इसे मुद्दा ही बने रहना देना चाहती है. इस सरकार ने सिर्फ वादा किया है और इसको लेकर वह ईमानदार नहीं है. वह इस मुद्दे पर पूरी तरह से विफल है.

## अंतिम सर्वे सेटलमेंट को बनाएं आधार : डॉ. राजाराम महतो



कुरमाली भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजाराम महतो का कहना है कि हेमंत सोरेन स्थानीय नीति के मामले में व्यर्थ ही 1932 के खतियान को हवा दे रही है. संयुक्त बिहार में तत्कालीन मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की अध्यक्षता में स्थानीय नीति को लेकर एक बैठक हुई थी जिसमें निर्देश आया था कि बासगीत पर्चा में जिस जिला का नाम उल्लेख किया गया है, व्यक्ति उसी जिला का माना जाएगा. अभी हाल ही बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति इसी आधार पर हुई, कोई बाहरी नहीं नियुक्त हुआ. सभी बिहार के ही नियुक्त हुए. यहां पंचायतों में मुखिया को प्रमुख बना कर प्रक्रिया पूरी की गई. जबकि हेमंत सोरेने के राज काल में केवल बाहरी की ही नियुक्ति हुई है. नियुक्ति प्रक्रिया ऐसी रही कि यूपी-महाराष्ट्र के लोग भर गए और हेमंत सोरेन सरकार को खबर तक नहीं लगी. अंतिम सर्वे सेटलमेंट या देश की आजादी की तिथि की बात समझ में आती है. 1932 खतियान की बात केवल वोट की राजनीति है. हजारीबाग में 1960 में सर्वेक्षण हुआ. सिंहभूम में 1964-65 में सर्वेक्षण हुआ. अंतिम सर्वे सेटलमेंट को आधार बनाया जाए तभी बेहतर परिणाम सामने आएगा. स्थानीय नीति तैयार करना झारखंड सरकार का अपना पावर है, इसके लिए केंद्र सरकार का चेहरा देखने, उनके अनुमोदन की दरकार नहीं. अपनी शक्ति का अहसास तक हेमंत सोरेन को नहीं है.कुरमाली भाषा परिषद के अध्यक्ष डॉ. राजाराम महतो का कहना है कि हेमंत सोरेन स्थानीय नीति के मामले में व्यर्थ ही 1932 के खतियान को हवा दे रही है. संयुक्त बिहार में तत्कालीन मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की अध्यक्षता में स्थानीय नीति को लेकर एक बैठक हुई थी जिसमें निर्देश आया था कि बासगीत पर्चा में जिस जिला का नाम उल्लेख किया गया है, व्यक्ति उसी जिला का माना जाएगा. अभी हाल ही बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति इसी आधार पर हुई, कोई बाहरी नहीं नियुक्त हुआ. सभी बिहार के ही नियुक्त हुए. यहां पंचायतों में मुखिया को प्रमुख बना कर प्रक्रिया पूरी की गई. जबकि हेमंत सोरेने के राज काल में केवल बाहरी की ही नियुक्ति हुई है. नियुक्ति प्रक्रिया ऐसी रही कि यूपी-महाराष्ट्र के लोग भर गए और हेमंत सोरेन सरकार को खबर तक नहीं लगी. अंतिम सर्वे सेटलमेंट या देश की आजादी की तिथि की बात समझ में आती है. 1932 खतियान की बात केवल वोट की राजनीति है. हजारीबाग में 1960 में सर्वेक्षण हुआ. सिंहभूम में 1964-65 में सर्वेक्षण हुआ. अंतिम सर्वे सेटलमेंट को आधार बनाया जाए तभी बेहतर परिणाम सामने आएगा. स्थानीय नीति तैयार करना झारखंड सरकार का अपना पावर है, इसके लिए केंद्र सरकार का चेहरा देखने, उनके अनुमोदन की दरकार नहीं. अपनी शक्ति का अहसास तक हेमंत सोरेन को नहीं है.

## ब्रीफ खबरें

### ट्रंप विद्रोही हैं और अब यह 'स्पष्ट' है: बाइडन

**मिलवॉकी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में अपनी हार के बाद नतीजों को पलटने की कोशिश में विद्रोह किया था और यह अब स्पष्ट है. बाइडन ने हालांकि कोलोराडो के उच्चतम न्यायालय के उस फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं कि जिसमें कहा गया है कि 2021 में अमेरिकी कैपिटल पर हुए हमले में ट्रंप की भूमिका थी और इस कारण वह अगला राष्ट्रपति चुनाव नहीं लड़ सकते.

### फुटओवर ब्रिज से गिर कर छात्र की मौत

**नयी दिल्ली।** उत्तरपूर्वी दिल्ली में वजीराबाद सड़क पर एक फुटओवर ब्रिज से गिरकर 16 वर्षीय एक स्कूली छात्र की मौत हो गयी. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार दोपहर करीब पौने दो बजे हुई, जब कक्षा नौ का छात्र गाजियाबाद में अपने घर लौट रहा था. गंभीर रूप से घायल छात्र को जीटीबी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया. छात्र करीब छह मीटर की ऊंचाई से नीचे गिरा जिससे उसे गंभीर चोटें आई थीं.

### दिल्ली में गोपालदास भवन में लगी आग

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के बाराखम्भा रोड पर गोपालदास भवन की 11वीं मंजिल पर गुरुवार की दोपहर आग लग गयी, जिसमें कई निजी कंपनियों के दफ्तर हैं. अधिकारियों ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं आयी है. आग लगने के बाद इमारत में मौजूद लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया था. दोपहर करीब पौने दो बजे आग लगने की सूचना मिली जिस पर नियंत्रण पाने के लिए दमकल की 15 गाड़ियों को रवाना किया गया.

### किम जोंग ने फिर दी एटम बम की धमकी

**सियोल (दक्षिण कोरिया)।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण में शामिल सैनिकों की प्रशंसा की और कहा कि देश की यह नीति है कि दुश्मन देशों द्वारा उकसाए जाने पर परमाणु हमला करने में हिचकिचाया नहीं जाएगा. उत्तर कोरिया में पिछले वर्ष से परमाणु हथियारों के परीक्षण में तेजी आई है और देश के नेता किम जोंग उन कई बार परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की धमकी दे चुके हैं.

### कोयले की खदान में दुर्घटना में 12 की मौत

**बीजिंग।** चीन के हेईलोंगजिआंग प्रांत में कोयले की खदान में दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए. मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गयी. सरकारी 'चाइना सेंट्रल टेलीविजन' ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि यह दुर्घटना हेंगशान जिले में 'कुनयुआन कोयला खदान' में बुधवार दोपहर को हुई. दुर्घटना में घायल 13 लोगों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है. दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए जांच दल गठित किया गया है.

### भारत संग साझेदारी प्रगाढ़ हुई : विदेश मंत्री

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि अमेरिका ने 2023 में भारत के साथ अपनी साझेदारी प्रगाढ़ की है व क्वाड के माध्यम से जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ ही भारत से सहयोग बढ़ाया है. चतुर्भुज सुरक्षा संवाद (क्वाड) में अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और भारत शामिल हैं. ब्लिंकन ने बुधवार को वाशिंगटन में विदेश मंत्रालय में प्रेस वार्ता के दौरान यह टिप्पणी की. उन्होंने कहा, हमने भारत के साथ अपनी साझेदारी को गहरा किया है.

### भूकंप पीड़ितों के लिए अब ठंड बनी चुनौती

**यंग्वा (चीन)।** उत्तर पश्चिम चीन के सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्र में आए भूकंप से मची तबाही के बाद अब पीड़ितों के लिए ठंड चुनौती बन गयी, जो अस्थायी शिविरों में शरण लिए हुए हैं. भूकंप से मची तबाही के मंजर के बीच एक तरफ अपनों को खोने का गम साल रहा है तो दूसरी ओर अपना जीवन फिर से कैसे पटरी पर लाएं, यह भी पीड़ितों के लिए चिंता का विषय बना हुआ है.

**केंद्र सरकार का फैसला :** इस सप्ताह के अंत में सर्वेक्षण का काम शुरू होगा

# संसद परिसर की सुरक्षा अब सीआईएसएफ करेगी

**भाषा। नयी दिल्ली**



सरकार ने संसद भवन परिसर में सुरक्षा में हुई चूक की हालिया घटना के मद्देनजर इसकी व्यापक सुरक्षा का जिम्मा केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को सौंपने का फैसला किया है. आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. सीआईएसएफ एक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है जो वर्तमान में परमाणु और एयरोस्पेस डोमेन (उड़ान उद्योग संबंधी) के अंतर्गत प्रतिष्ठानों, असैन्य हवाई अड्डों और दिल्ली मेट्रो के अलावा राष्ट्रीय राजधानी में कई केंद्रीय मंत्रालयों के भवनों की सुरक्षा करता है.

सूत्रों ने पीटीआई-भाषा को बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को संसद भवन परिसर के सर्वेक्षण का निर्देश दिया ताकि व्यापक आधार पर सीआईएसएफ सुरक्षा और दमकल शाखा की नियमित तैनाती की जा सके. केंद्र सरकार के मंत्रालयों की सुरक्षा करने वाली सीआईएसएफ की सरकारी भवन सुरक्षा (जीबीएस) इकाई के विशेषज्ञ और वर्तमान संसद सुरक्षा टीम के अधिकारियों के साथ सीआईएसएस के अग्निशमन और बचाव अधिकारी इस सप्ताह के अंत में सर्वेक्षण शुरू करेंगे.

**सीआरपीएफ महानिदेशक की अध्यक्षता में समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय को सिफारिशें देगी**

सूत्रों ने बताया कि नये और पुराने दोनों संसद परिसर और उनकी संबद्ध इमारतों को सीआईएसएफ के व्यापक सुरक्षा घेरे में लाया जायेगा, जिसमें संसद सुरक्षा सेवा (पीएसएस), दिल्ली पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के संसद ड्यूटी समूह (पीडीजी) के मौजूदा घटक भी मौजूद होंगे. संसद पर 13 दिसंबर को 2001 को हुए आतंकवादी हमले की बरसी के दिन एक बड़ी सुरक्षा चूक के तहत दो व्यक्ति शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गये, केन से पीला धुआं छोड़ा और नारे लगाये. आरोपियों को बाद में सांसदों ने काबू में कर लिया. लगभग उसी समय दो अन्य लोगों ने संसद परिसर के बाहर नारे लगाते हुए केन से रंगीन धुआं छोड़ा. सीआरपीएफ के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह की अध्यक्षता में एक समिति संसद परिसर के समग्र सुरक्षा मुद्दों को देख रही है और वह सुधार के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को सिफारिशें देगी.

**आओ जानें**

## किन देशों में कितने प्रतिशत वन क्षेत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूरीनाम | 97.4 | कनाडा | 38.7 |
| गुआना | 93.6 | न्यूजीलैंड | 37.6 |
| फिनलैंड | 73.7 | स्पेन | 37.2 |
| स्वीडन | 68.7 | क्रोएशिया | 34.7 |
| जापान | 68.4 | अमिरका | 33.9 |
| दक्षिण कोरिया | 64.4 | मैक्सिको | 33.8 |
| स्लोवानिया | 61.5 | नार्वे | 33.4 |
| ब्राजील | 59.4 | जर्मनी | 32.7 |
| एस्टोनिया | 57.0 | इटली | 32.3 |
| लातिविया | 54.8 | स्विटजरलैंड | 32.1 |
| कोलंबिया | 53.3 | फ्रांस | 31.5 |
| वेनेजुएला | 52.4 | टर्की | 28.9 |
| इंडोनेशिया | 49.1 | भारत | 24.3 |
| आस्ट्रिया | 47.3 | नाइजीरिया | 23.7 |
| वियतनाम | 46.7 | चीन | 23.4 |
| थाईलैंड | 38.9 | ऑस्ट्रेलिया 1 | 7.4 |

**कोविड :** 594 नए मामले के साथ 2669 हुई मरीजों की संख्या

# फिर से डराने लगा कोरोना

**केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय अलर्ट** | **केरल में तीन मरीजों की मौत**

**भाषा। नयी दिल्ली**

भारत में गुरुवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 594 नए मामले दर्ज किए गए, जिससे उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 2,669 हो गयी, जो इससे एक दिन पहले 2,331 थी. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा आज सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में कोविड-19 के कुल मामलों की संख्या 4.50 करोड़ (4,50,06,572) हो गयी. वहीं छह मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या 5,33,327 हो गयी, जिसमें केरल में तीन, कर्नाटक में दो और पंजाब में एक मरीज की जान चली गयी.

आंकड़ों के अनुसार, इस बीमारी से उबरने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 4,44,70,576 हो गयी है और स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.81 प्रतिशत है. संक्रमण से जान गंवाने की दर 1.19 फीसदी है. मंत्रालय की वेबसाइट के अनुसार, देश में अभी तक कोविड-19 रोधी टीकाकरण अभियान के तहत 220.67 करोड़ खुराक दी गयी है.

**दिल्ली वायरस से निपटने को तैयार :** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कोरोना वायरस का नया उप-स्वरूप जेएन.1 संक्रामक है लेकिन इसके लक्षण हल्के हैं और राष्ट्रीय राजधानी सरकार इससे निपटने के लिए पूरी तरह से सतर्क और तैयार है. देश में कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में बढ़ोतरी के बीच अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली सरकार जीनोम अनुक्रमण की निगरानी बढ़ाएगी.




जम्मू के एक स्कूल में गुरुवार को कोविड फ्री 2024 को लेकर चलाया गया जागरूकता अभियान.

### केरल में कोविड के 300 नए मामले

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 300 नए मामले सामने आये. वहीं तीन लोगों की संक्रमण से मौत हो गयी. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी. मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, गुरुवार सुबह आठ बजे तक देशभर में कोविड-19 के कुल 358 मामले सामने आए जिसमें से 300 मामले केरल से हैं. मंत्रालय के मुताबिक राज्य में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 2,341 हो गयी है. केरल में गत 24 घंटे के दौरान कोविड-19 से तीन मरीजों की मौत हुई. इसी के साथ बीते तीन वर्षों में कोरोना वायरस संक्रमण से राज्य में मरने वालों की संख्या बढ़कर 72,059 हो गयी. स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक गत 24 घंटे के दौरान 211 मरीज संक्रमण मुक्त हुए या राज्य से बाहर गए, जिन्हें मिलाकर अबतक कुल 68,37,414 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं. राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने मंगलवार को कहा कि केरल में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के बावजूद चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि राज्य संक्रमण के मामलों से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार है.

**चंडीगढ़ में मास्क जरूरी राज्य बरतने लगे सतर्कता**

कोरोना के नए सब वेरियंट जेएन.1 ने दस्तक दे दी है. इस वजह से अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग नियम बना दिए गए हैं. कोरोना के नए वेरिएंट को देखते हुए चंडीगढ़ प्रशासन ने लिया बड़ा फैसला लिया है. प्रशासन ने एक बार फिर से मास्क लगाने हिदायत दी और लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क पहनने की सलाह दी है. साथ ही भीड़ भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने की हिदायत भी दी है. कर्नाटक में कोविड-19 के 20 नए मामले सामने आए है और इस महामारी के कारण दो और लोगों की मौत हो गयी.

138 साल पुराने कानून की जगह लेगा

# दूरसंचार विधेयक 2023 को मंजूरी

**भाषा। नयी दिल्ली**

देश में 138 साल पुराने टेलीग्राफ अधिनियम को निरस्त कर नया कानून बनाने के लिए लाए गए दूरसंचार विधेयक, 2023 को संसद ने गुरुवार को मंजूरी प्रदान कर दी. राज्यसभा ने गुरुवार को इस विधेयक को चर्चा के बाद ध्वनिमत से पारित कर दिया. लोकसभा इसे एक दिन पहले ही पारित कर चुकी है.

विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत का दूरसंचार क्षेत्र बहुत कठिनाई वाले दौर में था लेकिन पिछले साढ़े नौ वर्षों में इसे वहां से बाहर लाया गया है. उन्होंने कहा कि पहले इस क्षेत्र पर घोटालों की कालिख लगती थी, लेकिन आज यह उदीयमान क्षेत्र बना है.

**खास बातें**

- राज्यसभा से भी नया कानून ध्वनिमत से हुआ पारित
- विधेयक पर चर्चा का जवाब मंत्री अश्वनी वैष्णव ने दिया

उन्होंने कहा कि भारत में दूरसंचार की सुविधा देने वाले टावरों की संख्या बढ़कर 25 लाख हो गई है, जो 2014 में छह लाख थी जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरसंचार क्षेत्र के प्रति विश्वास को दर्शाता है.

उन्होंने बताया कि ब्रॉडबैंड उपयोगकर्ता पहले डेढ़ करोड़ थे, जो आज 85 करोड़ हो गए हैं. प्रधानमंत्री की नीतियों के कारण दुनिया में सबसे तेज गति से 5जी यहां लागू किया गया और इसके लिए जिन उपकरणों का इस्तेमाल किया गया वह भारत में बने हैं. उन्होंने कहा कि इस विधेयक में कई सुधारों को जारी रखा गया है और इसके द्वारा इस क्षेत्र में एक व्यापक परिवर्तन लाने का प्रयास किया गया है. इस विधायक में उपभोक्ताओं को केंद्र में रखकर और उनके हितों को ध्यान में रखकर कानून में प्रावधान किए गए हैं. उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति फर्जी तरीके से सिम हासिल करता है तो इसके लिए तीन साल की सजा और 50 लाख रुपये तक का जुर्माना रखा गया है. इसी तरह के प्रावधान फोन नंबरों के अन्य दुरुपयोगों के लिए किए गए हैं. करीब 138 साल पुराने भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम की जगह लेने जा रहे दूरसंचार विधेयक 2023 में सरकार को राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से किसी भी देश या व्यक्ति के टेलीकॉम सेवा से जुड़े उपकरणों को निलंबित या प्रतिबंधित करने का दिया गया है.

### पापुआ न्यू गिनी में ज्वालामुखी में विस्फोट भारत ने सामग्री भेजी

**नयी दिल्ली।** भारत ने पापुआ न्यू गिनी में ज्वालामुखी में हुए विस्फोट से प्रभावित लोगों के लिए गुरुवार को 10 लाख डॉलर मूल्य की राहत सामग्री भेजी. पापुआ न्यू गिनी में माउंट उलावुन में एक ज्वालामुखी में हुए विस्फोट से देश को बड़ा नुकसान हुआ है. इससे प्रभावित इलाके से 26,000 से अधिक लोगों को निकाला गया है. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने ''एक्स'' पर कहा, पापुआ न्यू गिनी में हुए ज्वालामुखी विस्फोट से प्रभावित लोगों के लिए भारत द्वारा घोषित 10 लाख डॉलर की राहत सहायता के अनुसरण में एक विशेष विमान राहत सामग्री लेकर पोर्ट मोरेस्बी के लिए रवाना हुआ.

## 'मिमिक्री' के बहाने सभापति संसद में जातिवाद ले आए : खड़गे

**भाषा। नयी दिल्ली**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारे जाने से जुड़े विवाद का हवाला देते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि धनखड़ यह मुद्दा उठाकर संसद में जातिवाद ले आए. खड़गे ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संसद से जुड़े विषयों पर सदन के बाहर बोल रहे हैं, जिससे उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का मामला बनता है. राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने संसद परिसर में उनकी, तृणमूल कांग्रेस के



सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा नकल उतारे जाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए उच्च सदन में बुधवार को कहा था कि संसद परिसर में उनकी नकल उतारकर किसान समाज और उनकी जाति (जाट) का अपमान किया गया है. विपक्षी सांसदों ने दोनों सदनों से 140 सदस्यों के निलंबन पर विरोध जताते हुए गुरुवार को संसद भवन से एक मार्च भी निकाला.

दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र को दिया सुझाव

# संपत्तियों को आधार से जोड़ा जाए

**भाषा। नयी दिल्ली**




दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र से भ्रष्टाचार, कालाधन सृजन और बेनामी लेन-देन पर अंकुश लगाने के लिए नागरिकों की चल और अचल संपत्ति के दस्तावेज को उनके आधार से जोड़ने के अनुरोध वाली याचिका को अभ्यावेदन के रूप में स्वीकार कर उस पर विचार करने को कहा. न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति गिरीश कठपालिया की पीठ ने कहा कि ये नीतिगत फैसले हैं और अदालतें सरकार को ऐसा करने का निर्देश नहीं दे सकतीं.

अदालत ने कहा कि सरकार तीन महीने में अर्जी पर निर्णय ले. न्यायमूर्ति शकधर ने कहा, अदालतें ऐसे मामलों में कैसे पड़ सकती हैं. ये नीतिगत निर्णय हैं, अदालतें उन्हें ऐसा करने के लिए कैसे कह सकती हैं. प्रथमदृष्टया, जो बात मुझे समझ में नहीं आ रही है, वह यह है कि ये ऐसे क्षेत्र हैं, जिनके बारे में हमारे पास पूरी तस्वीर या आंकड़ा नहीं है, ऐसे कौन से विभिन्न पहलू हैं, जो सामने आ सकते हैं..सबसे अच्छा यह है कि उन्हें इसे एक अभ्यावेदन के रूप में मानकर विचार करने दिया जाए. अदालत अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर सुनवाई कर रही थी.

उन्होंने अपनी याचिका में कहा है कि यह राज्य का कर्तव्य है कि वह भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए उचित कदम उठाए और अवैध तरीकों से अर्जित की गयी 'बेनामी' संपत्तियों को जब्त कर यह सख्त संदेश दे कि सरकार भ्रष्टाचार और काले धन के खिलाफ लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है.

### पीएम मोदी ने जगन मोहन रेड्डी को जन्मदिन पर बधाई दी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं और उनके लंबे व स्वस्थ जीवन की कामना की. वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के अध्यक्ष रेड्डी गुरुवार को 51 साल के हो गए. मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं. ईश्वर से उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं. जगन मोहन रेड्डी कांग्रेस के दिवंगत नेता और संयुक्त आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे वाईएस राजशेखर रेड्डी के बेटे हैं. उन्होंने 2011 में अपने पिता के निधन के बाद कांग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ मतभेद के बाद अपनी पार्टी बना ली थी.

**आयी 'डंकी'...छायी खुशी...**





किंग खान शाहरुख खान की नयी फिल्म डंकी रिलीज हो गयी है. फिल्म को लेकर उनके फैंस काफी खुश हैं. कोलकाता में गुरुवार को बैंड-बाजे के साथ फैंस थियेटर पहुंचे और अबीर-गुलाल उड़ाए. लोगों के बीच मिठाई भी बांटी गयी. - फोटो : पीटीआई

**विमर्श** कर्नाटक में सीटों के तालमेल की अटकलें तेज, चुनाव को लेकर बनी रणनीति

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले देवेगौड़ा, कुमारस्वामी

**भाषा। नयी दिल्ली**



आगामी लोकसभा चुनाव में जनता दल (सेक्युलर) और भाजपा के बीच कर्नाटक में सीटों के तालमेल को लेकर बातचीत की अटकलों के बीच पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और पूर्व मुख्यमंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में हुई इस मुलाकात के दौरान कुमारस्वामी के भतीजे और जद (एस) के हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना सहित पार्टी के कुछ अन्य नेता मौजूद थे. प्रधानमंत्री मोदी ने खुद ही इस मुलाकात की तस्वीरें 'एक्स' पर साझा की और कहा, पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा जी, कुमारस्वामी जी और एचडी रेवन्ना से मिलकर हमेशा खुशी होती है. देश की प्रगति में देवेगौड़ा जी के अनुकरणीय योगदान को भारत बहुत महत्व देता है. विविध नीतिगत मामलों पर उनके विचार व्यावहारिक और भविष्योन्मुखी होते हैं.

कुमारस्वामी बुधवार को इन अटकलों के बीच नयी दिल्ली पहुंचे कि वह लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में सीट बंटवारे पर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के साथ बातचीत कर सकते हैं. प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद कुमारस्वामी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इस दौरान, हमने वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की और प्रधानमंत्री के सामने कर्नाटक के किसानों से जुड़े मुद्दों पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा, इसके अतिरिक्त, खोपरा की खरीद के संबंध में प्रधानमंत्री से एक अनुरोध किया गया, जिस पर प्रधानमंत्री ने बहुत सकारात्मक प्रतिक्रिया दी. इसी साल सितंबर महीने में पूर्व मुख्यमंत्री कुमारस्वामी की नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ हुई मुलाकात के बाद जद (एस) भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गया था. दोनों दलों के नेता तब से कहते आ रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर अभी बातचीत नहीं हुई है.

**खास बातें**

- मुलाकात में क्या बातें हुईं, इसका खुलासा नहीं हुआ
- अटकलें लगाई जा रही कि सीट बंटवारे पर सहमति हो चुकी है

कुमारस्वामी ने दिल्ली रवाना होने से पहले बुधवार को कहा था कि वह निजी काम से दिल्ली जा रहे हैं.

ईडी के समक्ष पेश नहीं हुए केजरीवाल

# समन राजनीति से प्रेरित व गैर कानूनी है : केजरीवाल

**भाषा। नयी दिल्ली**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन पर अपना जवाब भेजा है. केजरीवाल ने समन को गैर कानूनी और राजनीति से प्रेरित बताया है. आम आदमी पार्टी (आप) के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी. दिल्ली के सीएम केजरीवाल को ईडी ने गुरुवार को आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन वह बुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान सत्र के लिए चले गये. सूत्रों ने मुख्यमंत्री के जवाब का हवाला देते हुए कहा, केजरीवाल ने ताजा समन को राजनीति से प्रेरित और गैर कानूनी बताया है. अपने जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपना जीवन पारदर्शिता और ईमानदारी से गुजारा है और उनके पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है. वह किसी भी कानूनी समन को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं. केजरीवाल को मंगलवार को विपश्यना सत्र के लिए रवाना होना था, लेकिन इंडिया की बैठक में व्यस्त होने से वह ऐसा नहीं कर सके.

